हिन्दू नव वर्ष हजारों वर्षों से हिन्दू धर्म के सबसे पवित्र एवं महत्वपूर्ण दिनों में शामिल रहा है। हिन्दू धर्म में नव वर्ष को नवीनता का प्रतीक माना गया है।

अस्पताल दुनिया का अभूतपूर्व मंदिर है, जहाँ से जुड़कर भगवान के दर्शन कर सकते है। गरीबों एवं दिव्यांगों की सेवा ही सच्ची सेवा है।

संपर्क | सहयोग | संस्कार | सेवा | समर्पण

स्वस्थ–समर्थ–संस्कारित भारत ◆ Swasth-Samarth-Sanskarit Bharat

# नीति Niti


भारत विकास परिषद्
तमसो मा ज्योतिर्गमय
स्था. 1963 ®

फाल्गुन–चैत्र | March 2023

अंक 3 | पृष्ठ 32 | रू.10


# हिन्दू नव संवत्सर 2080



/bvporg /bvporg /bvporg






नोएडा, पश्चिमी उत्तर प्रदेशः अखिल भारतीय राष्ट्रीय भारत को जानो प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए पदाधिकारीगण

59 YEAR IN THE SERVICE OF MANKIND

Bharat Vikas Parishad

March 2023 , No. 3, XXXXXIVVXVXVXVXXVX

सृष्टि संवत् : 1, 96, 08, 53, 124 शकसंवत् 1945

फाल्गुन-चैत्र 2079-2080 दयानन्दाब्द 201 कलि संवत् 5125

नीति | Niti

Mouth piece of Bharat Vikas Parishad with a circulation of 59650

मनुष्य द्वारा लक्ष्य बनाना प्रेरणा के साथ जीवन को गतिशील बनाता है वरना जीवन का कोई अर्थ नहीं रह जाता है, बस नाम की जिन्दगी बन जाती है और सक्रियता नहीं रहती है।

National President
GAJENDRA SINGH SANDHU
MOB. : 09412136841 (RUDRAPUR)

National Vice President
SUNIL KHERA
MOB : 09412088411, 9927088411 (RUDRAPUR)
SAMPAT KHURDIA
MOB : 9821139149 (Mumbai)

National Secretary General
SHYAM SHARMA
MOB. : 09829038190 (KOTA)

National Finance Secretary
MAHESH BABOO GUPTA
MOB. : 09811226601 (NOIDA)

National Organising Secretary
SURESH JAIN
MOB : 09974399944 (DELHI)

National Chairman Prakashan
DR SURESH CHANDRA GUPTA
MOB : 9415334709 (FARRUKHABAD)

नीति समाचार भेजने के लिए केवल - niti@bvpindia.com का प्रयोग करें।

Niti e-paper : This issue is also available on Parishad's website www.bvpindia.com

Published & Printed by Shyam Sharma for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034. | Editor : Dr. S.C. Gupta | Printed at: AMAR UJALA LIMITED, C-21-22, Sector-59, Noida-201301 (U.P.)

Like us on facebook :

www.twitter.com/bvporg www.instagram.com/bvporg www.facebook.com/bvprog

## IN THIS ISSUE

| | |
|---|---|
| सम्पादकीय | 04 |
| कवर स्टोरी | 05 |
| रिर्पोट | 06 |
| राष्ट्रीय अधिवेशन रिर्पोट | 08 |
| स्वास्थ्य | 12 |
| विविध गतिविधियाँ | 18 |
| राष्ट्र भाषा हिंदी | 29 |
| नेत्रदान-देहदान | 30 |

### मार्च मास के पर्व

07 : होलिका दहन
08 : धुलेण्डी (होली), विश्व महिला दिवस
10 : छत्रपति शिवाजी जयन्ती
22 : विश्व जल (जल संरक्षण) दिवस
22 : चैत्र शुक्लादि, नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा
23 : सुखदेव-राजगुरु-भगतसिंह बलिदान दिवस
30 : राम नवमी

Central & Regd. Office:
Bharat Vikas Bhawan
Behind BD Block DDA Market, Power House Road, Pitampura, Delhi -110034
Ph: 011- 27313051, 27316049, 27314515
e-mail : bvp@bvpindia.com
niti@bvpindia.com
website : www.bvpindia.com

Price : Rs. 10.00 Per Copy
Annual Subscription : Rs. 100.00

Please forward news at niti@bvpindia.com

# संपादकीय

## परिवर्तन प्रकृति का नियम है

इस संसार में सबकुछ परिवर्तनशील है। जो परिवर्तन को समझता है और इसको अपनाते हुए पालन करता है, वही ज्ञानी और अनुभवी है तथा जीवन के सभी प्रारूप में सफल होता है। चाहे जीवन हो, ऋतुवें हों, समय हो, संस्थायें हों, सामाजिक रीति रिवाज़ हों, देश हो या विदेश हो, समाज हो या संगठन हो, परिवर्तनशीलता अनिवार्य है। कुछ परिवर्तन व्यक्तियों को अच्छे लगते हैं और कुछ उसकी इच्छा के विपरित होते हैं तथापि उनको स्वीकारना आवश्यक होता है। स्वीकारने वाला व्यक्ति प्रायः जीवन में प्रगति करता जाता है। इसीलिए यह सर्वमान्य है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है।

आज विश्व और सम्पूर्ण भारत में परिवर्तन की लहर तीव्रगति से दृष्टिगोचर हो रही है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जिस गति से राष्ट्र के त्वरित विकास के लिए प्रत्येक क्षेत्र-कृषि, उद्योग, व्यापार, खेल-कूद, सैन्य शक्ति, आन्तरिक एवं बाह्य सुरक्षा, पर्यटन, परिवहन आदि में द्रुतगति से परिवर्तन एवं परिवर्द्धन कर भारत को विश्व में तीसरे स्थान पर स्थापित करने में सफल होत हुए दिखाई पड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी अल्प समयावधि में पिछड़े उत्तर प्रदेश में त्वरितगति से अनुशासन स्थापित कर देश और विदेश के निवेशकों को आकर्षित कर 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश से शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, यातायात के क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति प्रदान करते हुए उत्तर प्रदेश को राष्ट्र का ग्रोथ इंजन बनाने में सक्षम हुए हैं और विकास के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है।

इसी क्रम में भारत विकास परिषद् भी अपवाद नहीं है। समय समय पर इसके चिंतन में, संगठन में, प्रकल्पों एवं कार्यक्रमों में आवश्यकतानुसार सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर होते हैं जिनके अनुसार सभी कार्यकर्ताओं एवं दायित्वधारियों को कार्य करने के अवसर प्राप्त होते हैं और आवश्यकतानुसार अपनी कार्यशैली में परिवर्तन कर इसके नियमों और सिद्धान्तों के अनुरूप चलकर संगठन के उद्देश्य को प्राप्त करते हैं तथा स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत की परिकल्पना को पूर्ण करते हैं।

हम सभी भिज्ञ हैं कि परिषद् के सत्र का समापन 31 मार्च को होगा और एक अप्रैल 2023 से नया सत्र प्रारंभ होगा। इसके पूर्व परिषद् के सभी स्तरों पर चुनाव, चयन और मनोनय हो जाने हैं। यह सांगठनिक परिवर्तन है जिसके अनुसार कार्यकर्ताओं और दायित्वधारियों को नये सत्र के लक्ष्यों को निर्धारित कर परिषद् को धनात्मक एवं गुणात्मक रूप से सुदृढ़ बनाना हमारा दायित्व है। नीति के अगले अंक में सत्र 2023-24 की परिषदीय गतिविधियों की केन्द्र द्वारा निर्धारित रूपरेखा प्रस्तुत की जायेगी जिसमें माहवार केन्द्र, रीजन, प्रान्त एवं शाखा द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यों के विवरण सुनिश्चित किये जायेगें जिससे दायित्वधारियों एवं कार्यकर्ताओं को सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त शाखाएँ अपने-अपने कार्यक्षेत्रों की अपेक्षा और आवश्यकतानुसार कार्यक्रम सुनिश्चित एवं सम्पादित कर समाज को सुविधा प्रदान कर सकेंगे।

साथ ही साथ आपातकालीन परिस्थितियों में आपदाप्रबंधन की सुविधा हेतु शाखाओं को कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यों एवं गैर सदस्यों को विकास रत्न एवं विकास मित्र बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कहा जाता है कि 'Charity begins from home' को चरितार्थ करने के लिए पहले स्वयं विकास रत्न/विकास मित्र बनकर औरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना श्रेयस्कर होगा।

मार्च का महीना सदैव परिवर्तन का माह होता है। इसी समय परिषद् के सत्र का अन्त और नये सत्र का शुभारंभ, राष्ट्र के वित्तीय वर्ष का अन्त और नये वित्तीय वर्ष का शुभारंभ, पुराने संवत्सर की समाप्ति एवं नये संवत्सर का शुभारंभ, होलिका दहन एवं मिलन कार्यक्रम, नयी फसलों का स्वागत हमारी संस्कृति है। सभी लोग इस परिवर्तन का हर्षोल्लास के साथ स्वागत करते हैं। आइये! हम सभी भागीदार बनकर अपने संगठन, समाज और राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर पहुँचाने का भगीरथ प्रयास करें।

**नव संवत्सर 2080 के साथ होली की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

**- डॉ. राजेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव,**
राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन, प्रकाशन

# हिन्दू नव संवत्सर - विक्रमी संवत 2080

हिन्दू नव वर्ष प्रत्येक वर्ष चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है। यह दिवस आमतौर पर ग्रिगोरियन कैलेण्डर (ईसाई कैलेण्डर) के हिसाब से मार्च या अप्रैल के महीने में पड़ता है। वर्ष 2023 में हिन्दू नववर्ष बुधवार 22 मर्च 2023,विक्रमी संवत 2080 को मनाया जायेगा। हिन्दू नव वर्ष हजारों वर्षों से हिन्दू धर्म के सबसे पवित्र एवं महत्वपूर्ण दिनों में शामिल रहा है। हिन्दू धर्म में नववर्ष को नवीनता का प्रतीक माना गया है एवं इस अवसर पर पूजा-पाठ एवं विभिन्न प्रकार के शुभ कार्यो को करने की परम्परा रही है। इसी दिन चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ होता है। हिन्दू नववर्ष को विक्रम संवत कैलेण्डर के आधार पर मनाया जाता है जिसकी शुरुआत उज्जैन के महान शासक विक्रमादित्य द्वारा शकों को पराजित करने के उपलक्ष में 58 ई.पू. में की गई थी।

हिन्दू नव वर्ष, जिसे उगादि के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भारत में सार्वजनिक अवकाश भी होता है। हिन्दू नव वर्ष भारत के कई हिस्सों में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में, इस दिन को गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है और घर के बाहर गुड़ी (नीम के पत्तों और फूलों को एक बर्तन के साथ बांस के खंभा) फहराकर मनाया जाता है। दक्षिण भारत में इस दिन को युगादि पचड़ी, नीम के पत्तों, गुड़ इमली और कच्चे केले व आम से बने व्यंजन खाकर मनाया जाता है। हिन्दू नव वर्ष जिसे वैसाखी के नाम से भी जाना जाता है, यह एक वसंत का त्यौहार है। हिन्दू नव वर्ष हिन्दुओं के लिए अपने जीवन पर चिन्तन करने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का समय होता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि नव संवत्सर कैसे मनाते हैं। नए साल की शुरुआत सही कदम से करना है। आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव करना चाहते हैं तो नव वर्ष अवश्य मनायें।




वैज्ञानिक पद्धति से तैयार किया गया विक्रम संवत कैलेण्डर पूर्ण रूप से वैज्ञानिक गणना पर आधारित होता है। हिन्दू नववर्ष के अवसर पर सम्पूर्ण प्रकृति नए साल का स्वागत करने के लिए तैयार प्रतीत होती है। आध्यात्मिक दृष्टि से भी हिन्दू नववर्ष को अत्यंत पवित्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा को मनाने के पीछे कई कारण छिपे हुए है :-

**ऐतिहासिक कारण :** हिन्दू नववर्ष को विक्रम संवत कैलेण्डर के आधार पर मनाया जाता है। इस कैलेण्डर की शुरुआत भारत के महान सम्राट विक्रमादित्य के द्वारा शकों को पराजित करने एवं राज्याभिषेक के अवसर पर 58 ई.पू. में की गई थी। प्रतिवर्ष विक्रम संवत के आधार पर हिन्दू नववर्ष चैत्र माह में शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है।

**पौराणिक कारण :** हिन्दू नववर्ष के प्रारंभ होने के पौराणिक कारणों में विभिन्न तथ्यों को माना जाता है जिसमें में कुछ कारण निम्न हैं:- (1) **माना जाता है कि इस दिन प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था। (2) इस दिवस के अवसर पर प्रभु राम द्वारा बाली का वध किया गया था। (3) धर्मराज युधिष्ठर का राज्याभिषेक दिवस भी हिन्द नववर्ष के दिन माना जाता है। लंकापति रावण के विजय के अवसर पर इस दिवस पर अध्योध्यावासियों ने अपने घरो पर भगवान राम के सम्मान में विजय पताका फहराई थी। (4) नवरात्र का शुभारंभ भी नववर्ष में मानी जाती है।**

**आध्यात्मिक कारण :** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर जीवन में नवीनता एवं उत्साह की शुरुआत मानी जाती है। भारतीय अध्यात्म में नवीनता एवं बदलाव को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण भाग माना गया है। ऐसे में नववर्ष को जीवन में नवीन शुरुआत के आरंभ के रूप में भी माना जाता है।

**प्राकृतिक कारणः** हिन्दू नववर्ष हमारे देश में बसंत ऋतु के आगमन का अवसर होता है, ऐसे में प्रकृति में चारों ओर हरियाली छाई रहती है। शरद ऋतु के पतझड़ के बाद वृक्षों पर नई कोपलें जीवन की नवीनता का संदेश देती हैं। चारों ओर नए फूल, फल एवं पत्तियाँ मानों नए साल के स्वागत का संदेश लेकर आई हुई प्रतीत होती हैं।

**ब्रह्मांड निर्माण का दिवस :** पौराणिक ग्रंथों के अनुसार नववर्ष के अवसर पर ही ब्रह्मा जी ने इस ब्रह्मांड का निर्माण किया था। यही कारण है कि इस दिवस को नववर्ष के रूप में मनाया जाता है।

**सृष्टि निर्माण का दिवस :** ब्रह्मा जी द्वारा ब्रह्मांड निर्माण के कुछ समय पश्चात ही इस सुन्दर सृष्टि की रचना की गई थी। यही कारण है कि सृष्टि निर्माण के अवसर को नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। ■

# NATIONAL LEVEL BHARAT KO JANO (A QUIZ COMPETITION)

Bharat Ko Jano (A Quiz Competition) is one of the unique & signature project of Bharat Vikas Parishad. It was started in 2001 and every year its popularity is increasing among students, teachers & our members. As the name suggests, the aim of this project is to know about culture & history of our country 'Bharat'. This program is conducted at various levels a) school, b) Branch, c) Prant, d) Region, e) National. This year National Level BKJ was organised on 8th January by NCR-1 Region at Noida with the support of UP West Prant team. Our National President Shri Gajender Singh Sandhu presided over the functions & Program was inaugurated by Shri Mahesh Gupta CMD of Kent Water Purifier. Following members of our National team were also present. Shri Shyam Sharma National General Secretary, Shri Suresh Jain National Organizing Secretary, Shri Mahesh Baboo Gupta National Finance Secretary & Shri Rakesh Sachdeva National Chairman BKJ Junior & Senior teams from 9 regions (except South) participated in above program. More than 200 persons including members, teachers & parents attended this program. To help the students, every year we publish the book named as "Bharat Ko Jano" and this book is circulated among various schools through our 1500 branches. This year our target was to reach 10 Lakh students through this signature project and we are pleased to share that total 11,30,808 students participated from various schools across India. Brief report of various regions is given below.

| S.No. | Region | No. of Schools Covered | All India Rank | No. of Books Distributed | All India Rank | No. of Students Participated | All India Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | North I | 910 | 5 | 27209 | 4 | 88404 | 6 |
| 2. | North II | 1373 | 4 | 55811 | 1 | 227189 | 3 |
| 3. | NCR I | 1540 | 3 | 40891 | 3 | 228118 | 2 |
| 4. | NCR II | 522 | 7 | 16885 | 6 | 108562 | 5 |
| 5. | East | 117 | 10 | 7798 | 8 | 9725 | 9 |
| 6. | North East | 172 | 9 | 519 | 10 | 1993 | 10 |
| 7. | Central | 453 | 8 | 17033 | 5 | 79650 | 7 |
| 8. | North West | 1864 | 2 | 51837 | 2 | 243449 | 1 |
| 9. | West | 2030 | 1 | 6121 | 9 | 108718 | 4 |
| 10. | South | 550 | 6 | 8151 | 7 | 35000 | 8 |
| | TOTAL | 9531 | | 232255 | | 1130808 | |

Program was very well organized with the help of Shri Mahesh Baboo Gupta, Dr. Tarun Sharma & his team, Shri Pankaj Saxena & his team.
Result of winner of Junior & Senior team is given below:




नोएडा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश : अखिल भारतीय राष्ट्रीय भारत को जानो प्रतियोगिता के विजेता टीम को शिल्ड प्रदान करते हुए राष्ट्रीय दायित्वधारीगण

| JUNIOR GROUP | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Position | Region | Student | School | Prant | Branch |
| First | West | Anusree A. Nair & Saksham P. Nagarcenkar | Vidhya Vruddhi School | Goa | Ponda |
| Second | North I | Suvreen Delu & Keshav Sain | SGJ DAV Sr Sec Public School | PB South | Haripura Abohar |
| Third | North West | Sukhpreet Singh & Sukhender Arora | Shah Satnamji Boys School Shri Gurusarmodia | Raj. North | Sriganganagar Pratap |
| SENIOR GROUP | | | | | |
| First | North West | Hitaishree Jain & Suhani Jain | Govt. Girls Sr. Sec. School | Raj. South | Salumber |
| Second | West | Vedant Sharad Wayal & Daksh Milan Shah | Fr. Agnel Multipurpose School | Konkan | Vashi |
| Third | North I | Madhav Gupta & Raghav Goyal | Assumption Convent School | PB. South | Abohar |

We thank the Organizing Region, Prant & entire technical team for making very good arrangements for the visiting participants & guests. We are confident that through this program contribution of our student for making “New India” will increase considerably.

# 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन कोटा

राष्ट्रीय अधिवेशन - 2022 का स्थान चयन और उसकी सज्जा ने सम्पूर्ण देश से अधिवेशन में आए प्रतिनिधियों को सुखद अनुभूति का एहसास करवाने का कार्य किया। मुख्य मार्ग से अधिवेशन स्थल में प्रवेश करते ही चारों तरफ भगवा पताका अपनी ओर ध्यान आकर्षित कर रही थी एवं शहनाई व नगाड़े की धुन सुनकर मन को विशेष आनन्द प्रदान कर रही थी। अधिवेशन स्थल पर प्रवेश करते ही सबसे पहले स्थानीय कार्यकर्ता सभी का स्वागत कर एवं पूछताछ कक्ष पर अभिनन्दन कर जिज्ञासाओं का समाधान कर रहे थे। इसके साथ ही सभी 10 रीजन के अलग अलग पंजीकरण केन्द्रों पर स्थानीय कार्यकर्ता पंजीकरण कर सभी को अधिवेशन किट प्रदान कर रहे थे। रजिस्ट्रेशन स्थल पर राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा मशक बैंड एवं कच्छी घोड़ी पर सभी कार्यकर्ताओं को नाचने पर मजबूर कर रहा था, जो इस अधिवेशन का एक विशेष आकर्षण का केन्द्र था। पंजीकरण स्थल पर मैदान के मध्य ध्वजारोहण स्थल बनाया गया था जिसमें आकर्षक फूलों की रंगोली बनी हुई थी। 24 दिसम्बर को ठीक समय प्रातः 10:20 पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की अगुवाई में ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ और अधिवेशन की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य पंडाल में सभी प्रतिनिधियों का आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. सूरज प्रकाश सभागार में प्रवेश करने के पूर्व दुपट्टा उढ़ा कर एवं कुमकुम, अक्षत का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभागार में प्रवेश करने पर भव्य साज-सज्जा से तैयार विशाल पांडाल आकर्षक एवं भव्यता लिए हुए था। अधिवेशन स्थल पर विभन्न स्थानों पर लगाई गईं विशेष मूर्तियाँ इस अधिवेशन की भव्यता और सुन्दरता को बढ़ा रही थी। ध्वजारोहण स्थल पर स्वामी विवेकानन्द जी की आदमकद प्रतिमा, डॉ. सूरज प्रकाश सभागार के बाहर मीराबाई की मूर्ति, भोजनशाला के पास वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की चेतक पर सवार प्रतिमा एवं वीर छत्रपति शिवाजी महाराज की घोड़े पर सवार प्रतिमा इस अधिवेशन का विशेष आकर्षण रही और सभी ने उनके समक्ष फोटो खिचवा कर अधिवेशन की स्मृतियों को यादगार बना दिया।

### अधिवेशन स्मारिका विमोचन

अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में मंच पर उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंदा राव जी, मुख्य अतिथि एलन कोचिंग संस्थान के चेयरमैन गोविन्द माहेश्वरी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह संधू, राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, सुरेश जैन, राष्ट्रीय वित्त मंत्री, महेश बाबू गुप्ता एवं अधिवेशन संयोजक व आयोजक प्रान्त के अध्यक्ष किशन पाठक जी सहित देशभर के 10 रीजन एवं 79 प्रान्तों से आए लगभग 3000 से अधिक प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में "सेतु-2022" स्मारिका का विमोचन किया गया। इस स्मारिका में विशेष रूप से विशिष्ट गणमान्य महानुभावों के संदेश, राष्ट्रीय, रीजनल एवं प्रान्तीय संगठनात्मक कार्यकर्ताओं की जानकारी, स्थानीय प्रान्त के ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी सहित कुछ लेख एवं विभिन्न विशेष जानकारियाँ देशभर के प्रतिनिधियों को प्राप्त हुई।

### अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम

राष्ट्रीय अधिवेशन में 24 दिसम्बर शाम की बेला में स्थानीय महिला कार्यकर्ताओं और स्थानीय कलाकारों द्वारा राजस्थानी गौरवशाली परम्परा के अनुसार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को आनन्द से सराबोर कर दिया। स्थानीय महिला कार्यकर्ताओं की टीम द्वारा भारत के त्योहारों पर प्रस्तुत प्रस्तुति एवं राम-रावण युद्ध के मंचन से सभी भक्तिरस में मंत्रमुग्ध हो गए। परिवार विषय पर मार्मिक लघु नाटिका, राजस्थानी घूमर नृत्य, कालबेलिया नृत्य, चरी नृत्य कार्यक्रम विशेष आकर्षण के केन्द्र रहे। कार्यक्रम के अंत में एलन कोचिंग संस्थन के चेयरमैन गोविन्द माहेश्वरी द्वारा प्रस्तुत भजन संध्या ने पांडाल में उपस्थित एक-एक कार्यकर्ता को नाचने एवं झूमने पर मजबूर कर दिया जो काफी लम्बे समय तक सभी कार्यकर्ताओं की स्मृतियों में मधुर यादें बनी रहेगी।

### राष्ट्रीय अधिवेशन में कार्यकर्ताओं के अनुभव

**•रेनू कंसल, महिला संयोजिका मेरठ शिखर शाखा, हस्तिनापुर प्रान्त -**

राष्ट्रीय अधिवेशन के सभी आयोजकों को मेरा वन्देमातरम् एवं सादर प्रणाम।

मैं हृदय तल से आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करती हूँ कि आप सभी जिस निष्ठा, लगन व प्रेम से सभी के आतिथ्य में लगे हुए थे इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। बहुत ही सुन्दर, भव्य, आकर्षक, मनमोहक, ज्ञानवर्धक आयोजन, जहाँ बहुत कुछ देखने, सीखने व समझने को मिला। सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम, आपका प्रेम पूर्ण आतिथ्य, स्वादिष्ट भोजन जिससे पेट तो तृप्त हुआ ही साथ ही आपकी प्रेम पूर्ण मनुहार जिससे आत्मा तृप्त हो गई। आपकी ठहरने की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, पांडाल की व्यवस्था सब कुछ बहुत शानदार, एक ऐसा आयोजन जिसकी मधुर यादें हमेशा हमारे दिलों में जिन्दा रहेगी। आप सभी से दोबारा मिलने की आशा और विश्वास के साथ एक बार पुनः आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

**•राजेन्द्र योगी, सचिव छीपाबड़ौद, जिला बारां, राजस्थान दक्षिण पूर्व प्रान्त -**

भारत की शिक्षा नगरी कोटा में आयोजित

भारत विकास परिषद् का राष्ट्रीय अधिवेशन बहुत ही अद्भुत और मन मोहक रहा है। इसमें सम्पूर्ण देश से परिषद् परिवार के लोग एक साथ, एक प्रागंण में एकत्रित होने से एक अलग ही शानदार दृश्य देखने को मिला। प्रान्त के द्वारा किए गये सभी कार्यक्रमों ने लोगों को बहुत आकर्षित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आतिथ्य पूर्ण, प्रासंगिक, मनुहार व मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से सेवा के क्षेत्र के विशिष्ट लोगों से मिलने का अवसर प्रदान किया। सभी परिषद् सदस्यों को इस आयोजन को सफलतम् रूप से उच्चतर शिखर तक पहुँचाने में किए गए अथक परिश्रम व पुरुषार्थ के लिए छीपाबड़ौद टीम की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

**•भारत विकास परिषद् आजाद कोटा, राजस्थान दक्षिण पूर्व -**

24-25 दिसम्बर 2022 को परिषद् का राष्ट्रीय अधिवेशन स्वामी विवेकानन्द विद्यालय कोटा पर राजस्थान दक्षिण पूर्व प्रान्त के आतिथ्य में आयोजित हुआ। यकीनन इस अधिवेशन में आए हुए देशभर के हजारों लोग हमारे यहाँ से राजस्थानी आतिथ्य की मधुर यादें लेकर गये। जो शायद ही वो भुला पायेंगे और न ही हम भूल पायेंगे। कार्यक्रम की हर व्यवस्था इतनी सुनियोजित थी कि कमी रहने का तो प्रश्न हीं नहीं उठता। जिस भी शाखा को जो भी जिम्मेदारी प्रान्त की तरफ से दी गई उसने उसको बखूबी निभाया। इस अधिवेशन में आजाद शाखा का एक अलग ही अनुभव था। शाखा को एक ऐसी जिम्मेदारी दी गई थी जिसके माध्यम से बाहर से आये हुए हर सदस्य को सीधा जुड़ाव रहा वह चाहे स्वागत हो या फिर प्रदर्शनी देखने के लिए आए हों। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण सुझाव पट्टीका है जिस पर पूरे अधिवेशन की प्रशंसा ही प्रशंसा लिखी गई है।

**रमेश काला, सचिव टोंक, राजस्थान उत्तर पूर्व प्रान्त -**

भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय अधिवेशन के कुछ अविस्मरणीय पल तथा अनुकरणीय अनुभव साझा करना अपना दायित्व समझता हूँ:-

•ऐसी व्यवस्था जिसमें रेलवे स्टेशन से यात्रियों को लेने से लेकर कार्यक्रम स्थल पर 9-10 बार अल्पाहार / भोजन / चाय / फलाहार के साथ रात्रि विश्राम के लिए होटलों की व्यवस्था और पुनः भोजन के पैकेट्स के साथ रेलवे स्टेशन तक भिजवाने में कार्यकर्ताओं तथा समाज के अन्य बन्धुओं का साथ ले पाना भारत विकास परिषद् का कुशल सम्पर्क ही तो है।

•सुदूर स्थानों से आए बन्धु-भगिनियों के साथ आम जनता को भी किसी प्रकार की अव्यवस्था का एहसास नहीं हो और प्रत्येक आगंतुक प्रसन्न होकर वापस लौट पाएं यही तो है भाविप का सहयोग।

•इतनी बड़ी संख्या में सुदूर प्रान्तों से आए हुए बन्धुओं को किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होना तथा सभी कार्य बिना किसी उद्घोषणा के समय पर पूर्ण होना और भोजन के पश्चात किसी प्रकार का जूठन 3000 थालियों में नहीं होना ही तो भारत विकास परिषद् के संस्कार प्रदर्शित करता है।

•कोटा की टीम जिन्होंने दिन रात कर इतनी अचुकनीय व्यवस्था की है कि किसी प्रकार की अव्यवस्था का प्रश्न ही नहीं उठता है। यह सेवा का ही तो उदाहरण है।

•सम्पूर्ण भारतवर्ष से लगभग 3000 बन्धु-भगिनियों का कोटा अधिवेशन में आना अपने आप में समर्पण और भारत विकास परिषद् के प्रति आस्था का अनोखा उदाहरण है। सबसे विशेष तो देशभर के चुने हुए देवदुर्लभ मनीषी जिनका पाथेय हमको मिला तथा सांस्कृतिक संध्या-भजन माला से मन प्रसन्न हो गया। प्रान्त की टीम जिनके साथ 2 दिन का सुखद समय इस कार्यक्रम में साथ मिला सभी का हार्दिक अभिनन्दन।

**कुमुद किशोर भारतीय, सेवा शाखा डिबाई, पश्चिमी उत्तर प्रदेश -**

कोटा (राष्ट्रीय अधिवेशन 24-25 दिसम्बर, 2022) सुन्दर, सफल, अद्भुत राष्ट्रीय अधिवेशन एवं स्नेह आतिथ्य के लिए सभी आयोजकों, प्रभारियों व कोटा हड़ौती प्रान्त के सभी सदस्य बन्धुओं का पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रान्त की ओर से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद।

**अजय कुमार कट्टा, प्रान्तीय वित्त सचिव, रुहेलखण्ड पश्चिम प्रान्त -**

राष्ट्रीय अधिवेशन कोटा में लगे श्रेष्ठ वरिष्ठ और कनिष्ठ भारत विकास परिषद् के अधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को इतने सुन्दर और सुव्यवस्थित आयोजन हेतु हृदय से नमन और आभार। आप सब के द्वारा किये गये अतुल्य स्वागत और आतिथ्य के लिए रुहेलखण्ड पश्चिम प्रान्त आपको पुनः नमन करते हुए आभार प्रकट करता है और भविष्य में भी आप जैसे प्रयासों का अनुसरण करने का संकल्प करता है। परिषद् द्वारा चलाया जा रहा हॉस्पिटल प्रेरणादायक है और नया कैंसर हॉस्पिटल का प्रेजेक्ट भी अभिभूत करने वाला है। कोटा द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन की सुनहरी स्मृति के साथ आप सभी आयोजकों को धन्यवाद।

**गिरीश पानेरी, रीजनल सचिव 'सम्पर्क, उत्तर पश्चिम - (बन्धुओं प्रतिवेदन थोड़ा बड़ा है कृपया एक मिनट समय निकाल कर अवश्य पूरा पढ़ने का श्रम करें।) अधिवेशन की कुछ मीठी कुछ चरपरी यादें और झलकियाँ**

•प्रभु कृपा से कोरोना की भारी विपदा के बाद परिषद् के आस्थावान बन्धुओं का यह संगम पूर्ण सफल रहा।

•तीन से चार घटकों के मध्य आयोजित महा अधिवेशन पूर्ण सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कहने का अर्थ है हर व्यक्तित्व श्रेष्ठ व्यक्तित्व का धनी था।

•उत्तम स्वागत द्वार और द्वार पर आत्मिक आवभगत करते हुए बन्धुवर। (थ्यतेज पउचतमेपवद पे सेंज पउचतमेपवद)

•प्रथम प्रवेश पर सहनाई और ढोल नगाड़ों से स्वागत जो कि गुलाबी सर्दी के मध्य बहुत सराहनीय रहा।

•प्रान्त वाइज रजिस्ट्रेशन, किट व सामग्री वितरण का वरिष्ठ दायित्वधारियों के चेहरे पर हल्की-हल्की मुस्कान लिए बहुत सुकुन दे गया।

•सामग्री लेने में किसी प्रकार की असुविधा

नहीं हुई।

•किट में सुन्दर बैग, मुलायम, कोमल बेडसीट और चमचमाती वाटर बाटल तथा पठन पाठन सामग्री एक सुन्दर आयाम रहा।

•अनवरत चाय, काफी, दुध की श्रेष्ठ व्यवस्था जो ठंडी के समय में भी उत्तेजना देती रही और काउंटर पर लगे कार्मिक प्राईवेट होते हुए भी संस्कार वान थे।

•रंगोलियाँ जो की मन को मोह रही थी जिनके द्वारा बनाई गई वे बधाई के पात्र हैं।

•समारोह के लिए विशाल सभागार (डोम) बहुत आकर्षक भीमकाय बनाया गया। विशाल स्टेज और बैनर अपनी आभा बिखेर रहे थे।

•पूरा पांडाल कुर्सियों से भरा रहा लेकिन स्थान कम पड़ गया और अतिरिक्त कुर्सियों की व्यवस्था करनी पड़ी जो सराहनीय रहा है, यह हमारी भव्यता का प्रमाण है।

•समारोह में अपनी परिषद् के लगभग सभी अग्रज सम्मिलित रहे और उद्‌बोधन श्रेष्ठ, ज्ञान वर्धक और संस्कारों से ओतप्रोत थे तथा पूर्ण समय सीमा में थे।

•सांयकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम एक से बढ़ कर एक थे जिसे देख कर सभी झूम उठे और वरिष्ठ गणों ने भी खूब आनन्द उठाया, कई व्यक्तियों के पांव थिरक उठे।

•स्वामी विवेकानन्द जी, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, मीराबाई आदि की विशाल प्रतिमाएँ आकर्षण का केन्द्र रही जहाँ बन्धुओं ने जम कर फोटोग्राफी कर आनन्द उठाया।

•प्रदर्शनी बहुत परिश्रम से बनाई गई जिसमें देश के कोने-कोने की प्रतिभाओं के चित्र दर्शाए गये। डूंगरपुर जिले के महान संत मावजी का भी उल्लेख था।

•स्थानीय कोटा डोर की साड़ियाँ, जाकिट आदि सामग्री के स्टाल कैम्पस में ही होने से खरीददारी बहुत सुविधाजनक रही।

•भोजन व्यवस्था बहुत ही सराहनीय रही। शुद्ध और शाकाहारी भोजन ने मनमोह, लिज्जतदार मिठाईयाँ आनन्द प्रदान कर गईं।

•हर कार्यक्रम व व्यवस्था ठीक समय पर होती रही। यह एक बहुत ही सराहनीय बात थी, जिसे कुशल नेतृत्व कहा जा सकता है।

•देश के कोने-कोने से आये बन्धु मातृ शक्तियों व बच्चों ने आयोजन में खूब आनन्द और उत्साह से लुफ्त उठाये और शालीनता बरती।

•एक साथ महाभोज के होते हुए भी थालियाँ, कटोरी, चम्मच पूर्ण रूप से साफ सुथरे मिलते रहे और विशेष बात तो यह थी कि भोजन जूठन बहुत कम पाया गया, यह हमारी परिषद् के सदस्यों की श्रेष्ठता और सभ्यता को दर्शाता है।

•सभी आयोजकगण मुस्तैदी से सहयोग में लगे रहे और मधुर मनुहार करते रहे। सभी के अथक प्रयास से व्यवस्था अनुकरणीय रही।

•आगन्तुक भोजन के लिए थोड़े आतुर देखे गये चाहे कार्यक्रम ही क्यों न चल रही हो लेकिन समस्त आतिथ्य में से किसी भी बन्धु को पहले भोजन ग्रहण करते नहीं पाया, यही हमारे संस्कार हैं।

•इतनी बड़ी संख्या में हमारे इस महा मेले में देश के कोने-कोने से हजारों घटकों का सम्मिलित होना यह सम्पर्क का अनोखा उदाहरण है।

•अधिवेशन की विशालता और सफल आयोजन अविस्मरणीय सभी के मध्य लम्बे समय तक यादगार बना रहेगा। जिसमें विद्या निकेतन स्कूल का विशाल संस्कार वान प्रांगण (स्वामी विवेकानन्द विद्यालय, महावीर नगर तृतीय, कोटा) और घटोत्कच का चौराहा तो याद ही रहेगा।

•पार्किंग के लिए स्थान कम नजर आया शायद लगता है पूर्व में यह अनुमान लगाना कठिन हुआ होगा कि कितने अतिथि अपने निजी वाहन से आयेंगे, क्योंकि स्थानीय बन्धुओं के लिए तो कैम्पस में स्थान सुरक्षित था लेकिन अतिथियों के लिए थोड़ी कठिनाई रही।

•पूरे दक्षिण पूर्व राजस्थान प्रान्त के बन्धुओं व मातृ शक्तियों का अथक प्रयास और अध्यक्ष और महासचिव एवं उनकी पूरी टीम का यह प्रयास हर दम याद आता रहेगा।

•हाँ यह भी सही होगा कि इतनी बड़ी संख्या में आस्थावान घटकों ने आकर इस महाकुंभ को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाई वे सभी साधुवाद के पात्र हैं क्योंकि उनकी उपस्थिति के बिना आयोजन कैसे सफल होता।

•कार्यक्रम संयोजक, परामर्श दाता व समस्त प्रभारी निश्चय ही धन्यवाद व साधुवाद के पात्र हैं जिनके परिश्रम से इस विशाल आयोजन की निर्विघ्न सफलता प्राप्त की है।

•यहाँ यह अहम बात रही कि समारोह में समस्त वरिष्ठों द्वारा दिये गये उद्‌बोधन, ज्ञानवर्धक, संस्कारवान, समसामयिक परिषद् परिवार की विस्तृत जानकारी से ओतप्रोत और विशेष वसुधैव कुटुम्ब के भावों को जोड़े हुए थे।

•श्रीमान श्याम जी शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री महोदय का चहुँमुखी परिश्रमी सपना पूर्ण हुआ।

•श्रीमान सुरेश जैन जी राष्ट्रीय संगठन मंत्री का प्रसारित संस्कार सभी के मन को भाया।

•श्रीमान गजेन्द्र सिहं संधू, राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय का आशीर्वाद सराहनीय रहा।

•श्रीमान डी.डी. शर्मा, रीजनल अध्यक्ष के विचार और आभार भावात्मक रहे।

•श्रीमान त्रिभुवन शर्मा, रीजनल महासचिव का प्रतिवेदन सर्वोपरि रहा।

•श्रीमान जयराज आचार्य रीजनल संयुक्त महासचिव आदि वरिष्ठजन के अथक प्रयासों से 70 सदस्यों के साथ लेकर समारोह को सम्बल प्रदान किया।

•उत्तम स्वामी जी का प्रवचन ज्ञानवर्धी रहा तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमान सुनील खेड़ा, सम्पत खुर्दिया, राष्ट्रीय वित्त मंत्री महेश बाबू गुप्ता, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रान्त खण्डेलवाल, मुकन सिंह राठौड़ की तो बात ही कुछ और रही। सभी राष्ट्रीय अग्रजनों के उद्‌बोधन व सहयोग के लिए जितना कहा जाए कम है।

•श्री किशन पाठक प्रान्तीय अध्यक्ष महोदय की कार्यक्रम पर पकड़ और सफल संचालन और पराग टोंग्या महासचिव के प्रतिवेदन से मुझे आनन्द की अनुभूति हुई।

•मेरा मन तब भर गया जब मैंने देखा कि समारोह की शुरुआत के बाद भी जब कुछ बन्धु नाश्ता और चाय में व्यस्थ थे उस वक्त हमारे 'राष्ट्रीय महामंत्री' महोदय भाई साहब श्याम जी शर्मा उन सभी को अपने हाथ के इशारे से पांडाल में आने का आग्रह कर रहे थे। बन्धुओं इस आयाम के लिए मेरे पास कोई शब्द ही नहीं है।

•जिसने आयोजन को सेतु का रूप दिया सम्पादक मंडल को वन्दन, अभिनन्दन।

बन्धु यह थी हमारे अधिवेशन की कुछ विशेष झलक जिसे मैंने अपने चक्षुओं से देखा, जाना और पाया। पुनः सभी सहयोगी कार्यकर्ताओं का मन से आभार। वन्देमातरम्।

---



सतना, विन्ध्य : शाखा द्वारा युवा दिवस पर एतिहासिक अमृत युवा सुरोत्सव का भव्य आयोजन

**सतना, विन्ध्य प्रान्त : 'स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर 7500 बच्चों ने सामूहिक गायन से रचा इतिहास '।** भारत विकास परिषद् द्वारा 12 जनवरी 2023 युवा दिवस पर 7500 बच्चों का सामूहिक गायन अमृत युवा सुरोत्सव के भव्य आयोजन स्थानीय धवारी स्टेडियम में किया गया। ऐसा एतिहासिक उत्सव सतना शहर में पहली बार आयोजित किया गया जो कि जनमानस का कार्यक्रम बन गया। इस आयोजन में सतना शहर एवं आसपास के लगभग पाँच हजार सतना वासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखलेश्वरानन्द गिरी जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस सुरोत्सव को बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए महत्वपूर्ण बताया। भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में सतना शाखा द्वारा संस्कार सूत्र से प्रेरित इस भव्य आयोजन को भारत विकास परिषद् के इतिहास में अद्वितीय बताया साथ ही ऐसे आयोजन के लिए अन्य शाखाओं को सतना शाखा से प्रेरित होने के लिए कहा। इस ऐतिहासिक उत्सव में विशिष्ट अतिथि माननीय सांसद गणेश सिंह जी, माननीय विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा जी, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला कलेक्टर अनुराग वर्मा एवं जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, संरक्षक कृष्ण माहेश्वरी, डॉ. संजय माहेश्वरी, उत्तम बनर्जी सहित शहर के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रह कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शाखा अध्यक्ष अनीता ताम्रकार ने सभी अतिथियों एवं शहर वासियों का स्वागत किया। रीजनल संयुक्त महासचिव जितेन्द्र जैन ने पूरे आयोजन की प्रस्तावना देते हुए कहा कि बच्चों में व्यापक राष्ट्र भक्ति के संस्कार प्रेरित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बताया। साथ ही कहा कि हम इसमें पूरी तरह सफल रहे। प्रतियोगिता में वन्दे मातरम्, देशभक्ति से ओतप्रोत गीत एक पैरोडी एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। शहर के जाने-माने संगीत विशेषज्ञ विनोद मिश्रा ने पूरे गायन को असली अंजाम तक पहुँचाने में महती भूमिका निभाई। स्कूल सम्पर्क समिति प्रभारी आभा अग्रवाल द्वारा शहर के 40 स्कूलों से आये 7500 बच्चों एवं स्कूल संचालक, प्राचार्य एवं सभी स्टाफ को धन्यवाद किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश अग्रवाल ने भव्य आयोजन की सफलता के लिए सभी अतिथियों विशेषकर महापौर योगेश ताम्रकार एवं प्रशासन द्वारा दिए गये सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उनके बिना इतना विशाल कार्यक्रम करना संभव नहीं था। डॉ. अग्रवाल ने स्कूलों द्वारा अपने बच्चों को गीतों के गायन की प्रैक्टिस करने हेतु संभी संचालकों एवं अध्यापकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का विधिवत संचालन गोपाल धूत, अमनोल केसरवानी एवं शाखा सचिव योगेश जैन किया। डॉ. अग्रवाल ने परिषद् के सभी समितियों के प्रमुख, सभी सदस्यों एवं आयोजन हेतु गठित स्थल समिति, यातायात समिति, सम्पर्क समिति, समूह गायन समिति, खानपान समिति, मंच संचालन, अर्थ व्यवस्था समिति, प्रचार-प्रसार समिति, चिकित्सा सुविधा समिति एवं टेक्निकल समिति के सदस्यों के अथक प्रयासों की सराहना की। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अनेक मंत्रियों तथा सामाजिक संगठन के अध्यक्षों द्वारा बधाई दी गई। शहर के 11 गणमान्य नागरिकों को परिषद् की सदस्यता की शपथ दिलवाई गई।

Karimganj, Assam: Branch organized 34th Artificial Limb Camp (Below Waist) at Karimganj College. 60 physically challenged person from different parts of Barak valley registered their name in the camp. Renowned Orthopedic surgeon and Dr. Sujit Kumar Nandi Purkayastha and Orthopedic surgeon Dr. Arupjyoti Kurmi of Silchar Medical college examined the physically challenged person. They were assisted by physiotherapists Dr. Payel Dakappa, Dr. B.P. Panda and Dr. Bishal Dey. 24 physically challenged persons were identified for providing artificial limbs in next camp. Sri Bidyadhar Choudhury technician of Bharat Vikas Parishad Sewa Kendra, Guwahati also attended the camp.




**Karimganj, Assam : Branch organized Artificial limb Camp.**

**पटना, दक्षिण बिहार :** भारत विकास एवं संजय आनन्द विकलांग अस्पताल में 148वें पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा शिविर रोटरी पाटलीपुत्र, जागेश्वरी कान्ति नारायण फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित किया गया। इस अवसर पर जिलापाल विपिन सचान ने अपने उद्बोधन में कहा कि यहाँ आकर साक्षात भगवान के दर्शन हुए। डॉ. जीवेन्दु चौधरी ने कहा कि इस अस्पताल ने सेवा का अवसर देकर हमें पुण्य लाभ दिया है। डॉ. जीवेन्दु एवं डॉ. मिथिलेश कुमार की टीम द्वारा 20 शल्य चिकित्सा तथा 35 मरीजों का ओ.पी.डी. में इलाज किया गया। सुशील सुंदरका, विजय प्रकाश नारायण का अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भारत विकास एवं संजय आनन्द विकलांग अस्पताल के 24वें स्थापना दिवस पर आदित्य विजन एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से 20 लाख की लागत से अत्याधुनिक डिजिटल सक्सरे मशीन का लोकार्पण संजय आनन्द फाउण्डेशन , न्यूयार्क के चेयरमैन सुनील आनन्द ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नन्द किशोर यादव ने कहा कि गरीबों एवं दिव्यांगों की सेवा ही सच्ची सेवा है। डॉ. एस.एस.झा ने कहा कि अस्पताल दुनिया का अभूतपूर्व मंदिर है जहाँ से जुड़कर भगवान के दर्शन कर सकते है। इस अवसर पर आयोजित 149वां पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा शिविर एवं कृत्रिम अंग वितरण समारोह का उद्घाटन करते हुए अप्रवासी भारतीय सुनील आनंद एवं अनुपमा आनंद ने कहा कि मैं जन्म से तो बिहारी नहीं हूँ, परन्तु बिहार से मेरा जन्म-जन्मांतर का नाता है तभी प्रभु ने दिव्यांगजनों की सेवा का मौका मुझे विगत 23 वर्षों से दिया है। इस अवसर पर प्रो. किरण घई सिन्हा, पूर्व विधान पार्षद, आशा बिहार के अध्यक्ष तनसुख वैद्य, बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित रहे। प्रो. किरण घई सिन्हा ने कहा कि जब-जब मैं यहाँ आती हूँ मन पवित्र हो जाता है। डॉ. एस.एस.झा ने कहा कि मेरे सपनों का भारत दिव्यांगता मुक्त भारत होगा। इस अवसर पर इंडियन ऑयल के सी.एस.आर के माध्यम से 20 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किया गया। साथ ही 20 मरीजों की शल्य चिकित्सा तथा 40 मरीजों की जांच की गई। इस अवसर पर विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि बिहार के समाजसेवियों का एक बड़ा वर्ग अस्पताल से जुड़ेगा। प्रो. निखिलेश कुमार सिंह, सरोज पाटनी जैन, केसरी देवी अग्रवाल, रमेश चन्द्र गुप्ता ने अस्पताल के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी।

**अनुग्रहपुरी गया, मगध बिहार :** शाखा अध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी स्वं. पंडित यदुनन्दन शर्मा एवं किसान मजदूर नेता स्व. त्रिवेणी शर्मा की जन्म स्थली बंशी प्रखंड के मंझियामा में निःशुल्क मेगा हेल्थ सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ. चौधरी लक्ष्मी नारायण, डॉ. चन्द्र किरण, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. रवीन्द्र कुमार, प्रो. शान्ति सिंह, अमृतेश कुमार, मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में चिकित्सक के रूप में डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ. चंन्द्र किरण, डॉ. पंकज कुमार,

डॉ. विकास कुमार, डॉ. आलोक कुमार, मनोरोग चिकित्सक डॉ. चौधरी लक्ष्मी नारायण, सर्जरी में डॉ. कौशल कुमार, यूरोलोजिस्ट डॉ. शैलेन्द्र कुमार, डॉ. पल्लवी प्रिया स्त्री रोग, डॉ. अनुपम कुमार चौरसिया स्त्री रोग, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषिकेश, डॉ. बी.डी.शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेन्द्र कुमार, डॉ. आलोक कुमार दन्त रोग, ईएनटी डॉ. विक्रम सत्यार्थी के द्वारा लगभग 550 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क दवा दी गई। बीपी एवं शुगर की जांच की गई जिसमें 50-50 लोगों को मधुमेह का पता चला। शाखा द्वारा सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। शाखा द्वारा वृद्धजनों के लिए चांदचोरा स्थित अन्नपूर्णा मार्केट में चलाए जा रहे जिरियाट्रिक क्लीनिक में डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ. चन्द्रकिरण एवं डॉ. विजेन्द्र कुमार ने 26 बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा सर्दियों में बुजुर्गों की इम्यूनिटी सिस्टम कमजोर हो जाती है जिसकी वजह से मौसमी बीमारियों और अन्य संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। वहीं ठंड के मौसम में हड्डियों और जोड़ों में होने वाले दर्द भी बुजुर्गों में बढ जाता है। इस लिए सर्दी में इनका विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है।



**Dr. Kitchlu, Ludhiana, Punjab West : Branch under the divyang Sahayata Project organized a free Camp.**

**Dr. Kitchlu, Ludhiana, Punjab West:** Under the Divyang Sahayata project a Free Camp for Distribution of Artificial Limbs was organized by branch in collaboration with BVP Charitable Trust, Ludhiana at Divyang Sahayata Kendra Rishi Nagar. There were 32 beneficiaries with 37 procedures, which received Artificial limbs (Calipers, upper limbs, above & below knee limbs, hearing aids & Try Cycles). The camp was sponsored by Gulshan Goyal, Advocate and family. Pankaj Jindal, President of Trust told that Trust has organized 1548 Camps through which more than 63408 physically handy-capped persons have benefitted in various ways. About 2957 operations have been done till date which were 100 percent successful. On this occasion, Aruna Puri, Dr. ML Sharma, Rajinder Bansal were also present

**पीतमपुर, दिल्ली :** भारत विकास परिषद् के केन्द्रीय कार्यालय में 8 फरवरी 2023 को एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त दिल्ली अभियान के अन्तर्गत बहुउद्देशीय मोबाइल टेस्टिंग वैन का उद्घाटन रेलटेल के चेयरमैन एवं प्रबंधक संजय कुमार द्वारा किया गया। इस मोबाइल टेस्टिंग वैन को रेलटेल द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत भारत विकास परिषद् को दिया गया और इसका संचालन परिषद् की दिल्ली इकाई द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर एम्स दिल्ली से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शिव चौधरी एवं परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सुरेश जैन ने कहा परिषद् का यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है, एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी का पूर्ण उन्मूलन है जो की महिलाओं के पोषण में सुधार एवं जागरूकता से ही संभव है और रेलटेल के सहयोग से भारत विकास परिषद् आने वाले 10 सालों में दिल्ली को एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से मुक्त करने में अपने लक्ष्य पर कार्य कर रहा है। इस मोबाइल टेस्टिंग वैन में निःशुल्क हीमोग्लोबिन, मधुमेह, रक्तचाप जांच एवं ब्लड सैंपल कलेक्शन की व्यवस्था है और परिषद् द्वारा जगह-जगह पर निःशुल्क जांच शिविरों के माध्यम से जांच किये जाते हैं और जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। परिषद् द्वारा अक्टूबर 2020 में एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त दिल्ली अभियान की शुरुआत की गई थी और अब तक परिषद् द्वारा हजारों महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच कर उन्हें एनीमिया से बचने संबंधित जागरूक किया गया। इस मुहिम के अन्तर्गत हर वर्ष परिषद् अपनी शाखा में 10 जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर उनमें महिला




***पीतमपुरा, दिल्ली : एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त दिल्ली अभियान के अन्तर्गत मोबाइल टेस्टिंग वैन का उद्घाटन***

स्वावलंबन, बच्चों की पढ़ाई के लिए भी कार्य करता है जिससे ऐसे परिवार आने वाले कुछ वर्षों में सक्षम बन पाए।

**डिबाई, पश्चिमी उत्तर प्रदेश :** शाखा द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हेमन्त गिरि के द्वारा डिबाई क्षेत्र को गतवर्षों में प्रदत्त उत्तम चिकित्सा सेवा कार्यो से उन्हें अर्जित लोकप्रियता एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए एक शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मधुमेह एवं शीतकालीन रोगों से बचाव एवं उपचार जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम के परिपेक्ष में अपने विचार रखते हुए डॉ. गिरि ने मधुमेह रोग संबंधी कारण और बचाव पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद् एक स्वयंसेवी संस्था है, जिसने कोरोना काल में घर-घर दवाई व मास्क वितरण में भी अपना सहयोग प्रदान किया था।

**क्लेमेंट टाउन देहरादून, उत्तराखण्ड पश्चिम :** शाखा द्वारा आर्य समाज मंदिर क्लेमेंट टाउन सुभाष नगर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन महंत इन्द्रेश हॉस्पिटल के चिकित्सकों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी डॉ. नवीन सिंघल (डीन एवं चीफ प्रोक्टर डी आईटी यूनिवर्सिटी) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में डॉ. अर्चितशा भदौरिया एवं उनकी टीम के द्वारा 117 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र परीक्षण के बाद जिनका दवाईयों की आवश्यकता थी उनको निःशुल्क दवाई वितरित किया गया और जिनको चश्में की आवश्यकता थी उनको निःशुल्क चश्मे प्रदान किये गये। सभी मरीजों का बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच किया गया। 10 मरीजों को मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के लिए चुना गया। जिनका ऑपरेशन गुरु रामराय महंत इन्द्रेश हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क कराया जाएगा। शिविर में गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन प्रकल्प प्रमुख अरुणा चावला, संरक्षक आर.पी. अग्रवाल, सचिव डी.के.शर्मा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**समृद्धि मुजफ्फरनगर, हस्तिनापुर :** शाखा द्वारा दीपचंद ग्रेन इंटर कॉलेज, नई मंडी पटेल नगर में जरूरतमंद छात्रों के लिए एक नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र परीक्षण वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के कुशल चिकित्सक द्वारा किया गया। शिविर में 400 बच्चों का परीक्षण किया गया जिनमें 74 बच्चें दृष्टि दोष पाये गये। मुख्य अतिथि डॉ. आर.के. सिंह, प्रान्तीय महासचिव, शशिकान्त मित्तल, जिलाध्यक्ष, अतिन संगल, जिला मंत्री रहे। सभी अतिथियों का स्कूल प्रबंधक विनोद संगल द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय से आये अरविन्द संगल का पटका पहनाकर आभार प्रकट किया गया। शिविर का आयोजन नवीन सिंघल, एवं कौशल कृष्ण के सहयोग से किया गया। इस आयोजन में शाखा के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।




*योग मेरठ, हस्तिनापुर : शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन*

**योग शाखा मेरठ :** शाखा के आतिथ्य में अस्पताल सम्राट पैलेस अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मेरठ की योग शाखा, शास्त्री नगर, उत्कर्ष मेरठ, साकेत मेरठ, अभियन्ता मेरठ, संस्कार मेरठ तथा शिखर शाखा मेरठ आदि शाखाओं के 22 सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री संस्कार नरेश चन्द्र गोयल, प्रान्तीय मार्गदर्शक मेजर एस.पी.गौड़, प्रान्तीय अध्यक्ष आलोक भटनागर, वित्त सचिव अशोक कुमार गुप्ता, सम्पर्क सचिव सुभाष वंद गुप्ता, चेयरमैन सुबोध कुमार गर्ग, प्रमोद कुमार गर्ग सहित उपरोक्त सभी शाखाओं के दायित्वधारी उपस्थित रहे।

**भारती रामपुर, रुहेलखण्ड पश्चिम :** परिषद् की महिला शाखा भारती रामपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन पंचकर्म हॉस्पिटल सिविल लाइन में किया गया। शिविर का शुभारंभ स्थानीय विधायक आकाश सक्सेना ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के बाद रक्तदाताओं को फ्रूटी और जूस पिलाया गया। इस आयोजन में शाखा की अध्यक्षा रेनू सक्सेना, सरिता विश्नोई, मीनू गुप्ता, नीलम वैश्य, बबीता चौहान व अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

**आर्या अलीगढ़, ब्रज उत्तर :** शाखा के आतिथ्य एवं मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली, नई दिल्ली के सहयोग से प्रान्तीय सेमिनार 'आरोग्यम' होटल आभा रीजेंसी में प्रान्तीय महिला संयोजिका नीलम शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। अतिथियों के स्वागत के उपरान्त देश के जाने माने डॉक्टर्स ने व्याख्यान दिये जिनमें

मैक्स हॉस्पिटल के डॉ. अरुण कुमार गोयल जिन्होंने ब्रेस्ट कैंसर के बारे में विस्तार से समझाया। इनके अतिरिक्त डॉ. स्वस्ति ने भी महिलाओं में होने वाली गर्भाशय से जुड़ी गंभीर बीमारियों से बचाव के उपाये बताए। डॉ. मीनाक्षी सूद ने एनीमिया मुक्त भारत विषय पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ. उषा सिंघल ने पर्सनल हाइजीन पर उद्बोधन दिया। सेमिनार में रीजनल संरक्षक जे.पी. गुप्ता, रीजनल सचिव सम्पर्क आर.सी. नरुला, सदस्य राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास डॉ. दिव्या लहरी, सदस्य प्रकाशन समिति डॉ. राजेश पालीवाल आदि ने अपने-अपने विचार रखे। अलीगढ़ के जाने-माने चिकित्सक डॉ. अलका मित्तल, डॉ. नीति गोयल, डॉ. विपिन गोयल, डॉ. राजेश गोयल आदि ने भी महिलाओं से जुड़ी विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियों पर उद्बोधन दिये। कार्यक्रम में सभी शाखाओं के दायित्वधारियों सहित करीब 150 सदस्यों एवं सक्रिय महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के आयोजन में वित्त सचिव प्रभात वार्ष्णेय, संगठन सचिव संजीव वार्ष्णेय, शाखा अध्यक्ष बबिता गर्ग, सचिव जिज्ञासा प्रधान, महिला संयोजिका ममता सेंगर, मीडिया संयोजिका डॉ. कुसुम सेंगर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**कोंच, बुन्देलखण्ड :** शाखा के सहयोग से ग्राम पंचायत पनियारा में विशाल आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. जितेन्द्र वर्मा एवं डॉ. वन्दना कुशवाहा द्वारा जटिल रोगों के मरीजों का परीक्षण एवं दवा वितरण की गई। शिविर में विकास खंड कोंच से आए ए.डी.ओ. आईएसबी मनोज चतुर्वेदी प्रधान पनियारा श्रीकान्त पटेल एवं शाखा अध्यक्ष राजीव कुमार रेजा उपस्थित रहे। शिविर में पनियारा तारापुरा और सिमरिया गाँव के 320 मरीजों का परीक्षण कर दवा वितरित की गई। शिविर के आयोजन में प्रो. वीरेन्द्र सिंह, जयन्ती पटेल, हीरा सिंह का विशेष सहयोग रहा। दवा वितरण के कार्य मे परशराम वर्मा एवं कमलेश ने पूरी सहभागिता की। शाखा अध्यक्ष राजीव कुमार रेजा एवं प्रो. वीरेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से डॉ. जितेन्द्र वर्मा एवं वंदना कुशवाहा को पट्टिका, स्मृति चिन्ह एवं घड़ी भेंट कर सम्मान किया गया तथा दवा वितरण हेतु परशुराम वर्मा एवं कमलेश को भी जयन्ती पटेल पनियारा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

**प्रगति लखनऊ, अवध प्रदेश :** शाखा ने प्रान्तीय महिला संयोजिका मंजू सिंह के दिशा निर्देशन में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत आम जन मानस को एनीमिया से मुक्त कराने के उद्देश्य से 10-11 दिसम्बर को हीमोग्लोबिन जांच शिविर विनय खंड गोमती नगर में लगाया गया। कार्यक्रम में मंजू सिंह सहित शाखा अध्यक्ष व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**मंगलम्, प्रयाग :** शाखा द्वारा पूराबडाईन बस्ती परेड ग्राउण्ड दारागंज स्थित काली मंदिर परिसर में निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 250 से अधिक लोगों का जांच किया गया और जांच उपरान्त निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। उपरोक्त शिविर का आयोजन सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.सी. गुप्ता, डॉ. अरूनिशा जायसवाल, डॉ. राम सिया सिंह, डॉ. विश्वदीप एवं डॉ. जयराम के नेतृत्व में किया गया। शिविर में राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ. चम्पा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि, संरक्षक शिवनंदन गुप्ता, डॉ. सुषमा सिंह, राजीव रत्न भार्गव, अरुण जायसवाल, पार्षद आशीष गुप्ता, शाखा अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार, डॉ. श्यामल मुखर्जी, प्रो. अशोक मित्तल, पूनम आदि उपस्थित रहे। संचालन शाखा सचिव अमित श्याम ने किया। माघ मेला क्षेत्र में बड़े हनुमान मंदिर के पास एक निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर यादव एवं बाघंबरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि महाराज ने किया। शिविर का नेतृत्व संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. वी.के. मिश्रा, डॉ. ईशान्या राज, डॉ. अरुनिशा जायसवाल, डॉ. राम सिया सिंह, डॉ. आर. के. सिंह एंव अन्य लोगों ने किया। इस अवसर पर संरक्षक शिवनन्दन गुप्ता, अध्यक्ष निशा जायसवाल, महासचिव सुनील धवन, शाखा संरक्षक वी.के.मित्तल, अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, सचिव अमित श्याम, पार्षद आशीष गुप्ता आदि सदस्यों की सहभागिता रही।

**विक्रमादित्य उज्जैन, मध्य भारत पश्चिम :** शाखा एवं भानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 48वें सुपर स्पेशिएलिटी स्वास्थ्य शिविर में 340 मरीजों के इलाज के साथ ही 130 का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। शिविर संयोजक मनोज वधवा एवं डॉ. अजय मंडलोई ने बताया कि भानपुरा के गौरव ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी दिव्यानंद जी तीर्थ की पावन स्मृति में अमलतास हॉस्पिटल देवास के सहयोग से शासकीय चिकित्सालय भानपुरा में युवा परिव्राजक डंडी स्वामी ध्रुवानंद जी तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक देवीलाल धाकड़ रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष संस्था संरक्षक भगवान शर्मा एवं लालचंद रुद्रवाल व भानपुरा के बीएमओ डॉ. मनीष धनगर विशेष अतिथि रहे। प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक व्यास व डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि हमारा सिग्नेचर प्रोजेक्ट स्वास्थ्य होने के साथ मुख्य कार्यक्षेत्र पिछड़ी बस्तियाँ एवं ग्रामीण क्षेत्र है और हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। अमलतास हॉस्पिटल के डायरेक्टर देवेन्द्र दुबे व मार्केटिंग हेड अश्विन तंवर ने जानकारी दी कि जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता थी उनका रुपये 5 लाख तक का इलाज अमलतास हॉस्पिटल एंड रिसर्च

सेंटर देवास के सहयोग से आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क किया गया। डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. मुश्तफ़ा सिंगापुरवाले, डॉ. जितेन्द्र पाटीदार, डॉ. राहुल नागर, डॉ. स्वप्निल पेंढ़ारकर, डॉ. प्रशान्त पाटीदार, डॉ. सुरेश समदानी, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. विजय पाटीदार, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. शरद गोवा, डॉ. सी.पी.पाटीदार, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. हुसैन फ्रीगंजवाला, डॉ. प्रवीण पंड्या, डॉ. विजय पाटील, डॉ. बी.के. मालवीय, डॉ. समर्थ पाटीदार, डॉ. गिरधर सोनी, डॉ. आदित्यवर्धन पाटीदार, डॉ. पदम सिंह, डॉ. पंकज अग्रवाल, के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में ब्रह्मलीन जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी दिव्यानन्द जी तीर्थ भक्त मंडल भानपुरा के सदस्य विजय शर्मा, पवन उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़ :** नगर में दिव्यांग सेवा एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा 5 दिव्यांगों को नगर में आयोजित पाँच दिवसीय व्यापार मेले में आजीविका - आत्मनिर्भर - स्वावलंबन की दिशा में कार्य करने हेतु निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराया गया। पाँचों दिव्यांगों ने 13 जनवरी से 17 जनवरी तक मेले में अपनी उपस्थिति के साथ अलग-अलग पाँच प्रकार की वस्तु का विक्रय कर कुल रुपये 40000/- का व्यापार किया और इसके माध्यम से उन्हें आजीविका की एक नई दिशा प्राप्त हुई। 20 जनवरी को दिव्यांग सेवा एवं अनुसंधान संस्थान ने नगर की एक सामाजिक संस्था राउंड टेबल के सदस्यों के साथ दिव्यांगों के प्रोत्साहन के लिए संसाधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से खेल प्रेमी दिव्यांग को जो राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हरीश पटेल को एक सम्पूर्ण सामानों की क्रिकेट किट देकर उसके खेल जीवन में उत्साहवर्धक उपयोगी सहयोग प्रदान किया गया।

**बारां, राजस्थान दक्षिण पूर्व :** शाखा अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बताया कि शाखा द्वारा 62वां निःशुल्क मोतियाबिन्द नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन खण्डेलवाल धर्मशाला में किया गया। शिविर में 427 मरीजों की आँखों की जांच की गई जिसमें 221 मरीजों ऑपरेशन योग्य पाये गये। सचिव हितेश खण्डेलवाल ने बताया कि यह शिविर स्व. रामगुण देवी, कौशल्या गौतम धर्मपत्नी सुभाष चंद शर्मा (सालपुरा वाले) व परिवार द्वारा आर्थिक सहयोग से लगवाया गया। साथ ही गुप्त दान दाता से प्राप्त कम्बल मरीजों में निःशुल्क वितरित किया गया। कोषाध्यक्ष राजेन्द्र डंग, शिविर प्रभारी पवन गौतम, रवि प्रकाश अग्रवाज के अनुसार भीषण ठंड के बावजूद शिविर में मरीजों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रमाकांत गुप्ता ने बताया कि उक्त शिविर में ऑपरेशन योग्य पाये मरीजों को कोटा डीडी नेत्र संस्थान नया नोहरा ले जाकर निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया जाएगा एवं उसके पश्चात परिषद् द्वारा काला चश्मा दिया जाएगा।

**छीपाबड़ौद :** शाखा की मासिक निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण का 130वां शिविर जिला अंधता निवारण समिति बांरा के निर्देशन में स्व. भैरूलाल जानकीलाल कालोतिया ढ़ोलम वालों की पुण्यस्मृति में श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनन्दपुर द्वारा आर्य समाज भवन हाट चौक में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ जगदीश चन्द्र, सुरेन्द्र कुमार एवं रविन्द्र कालोतिया द्वारा किया गया। शाखा अध्यक्ष धीरज बाठला, सचिव राजेन्द्र योगी ने शिविर प्रायोजकों का स्वागत किया। चिकित्सा प्रभारी महेन्द्र नागर एवं शिविर प्रभारी नरेन्द्र बाठला ने बताया कि शिविर में डॉ. अनीश कुमार शुक्ला, विशिष्ट चिकित्सकों की टीम द्वारा 1580 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाईयाँ वितरित की गई एवं 718 मोतियाबिन्द ऑपरेशन के योग्य पाये गये मरीजों को चिन्हित कर सतगुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनन्दपुर भेजा गया। शाखा के वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मीकांत गौतम, कोषाध्यक्ष कौशल गोयल, अतुल जैन, समाजसेवी हुकुमचंद सोनी, रूपचंद शर्मा एवं स्काउट्स बालचरों ने अपनी सेवाएं दी।

**मदनगंज किशनगढ़, राजस्थान मध्य :** शाखा एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंगदान, देहदान व रक्तदान के जागरूकता अभियान के तहत स्थानीय डाक बंगला से एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महंत श्री श्यामदास उदासी व शाखा अध्यक्ष भरत सराफ ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। प्रकल्प प्रभारी नीता गंगवाल एवं जिनेश जैन ने अंगदान, देहदान, नेत्रदान एवं रक्तदान जागरूकता रैली के बारे में बताया। अध्यक्ष भरत सराफ ने महंत श्री श्यामदास उदासी का उपरणा पहनाकर स्वागत किया। रैली में अग्रवाल स्कूल, धर्मसागर स्कूल, आर.के. पाटनी गर्ल्स कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शाखा अध्यक्ष ने सभापति दिनेश सिंह राठौड़ एवं डॉ. अशोक जैन का स्वागत किया। सभापति महोदय ने कहा अंगदान बहुत पुण्य का काम है, इसके लिए सबको जागरूक होना चाहिए। डॉ. अशोक ने अंगदान महादान के बारे में जानकारी दी। अंगदान में हम गुर्दे, लिवर, हृदय, आँख, छोटी आंत, हड्डियों के टिश्यू, त्वचा के टिश्यू दान किये जा सकते हैं। रैली का समापन आर.के.कम्युनिटी सेंटर में हुआ। वहाँ पहुँचकर अंगदान करने के लिए प्रेरित करने में जिन महिलाओं ने सहयोग किया उन्हें सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष भरत सराफ ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। रैली में विशेष सहयोग ममता रांवका, भगवान स्वरूप बाहेती सहित अन्य गणमान्य सदस्यों का रहा।

**नन्दनवन जोधपुर, राजस्थान पश्चिम :** भारत विकास परिषद् नन्दनवन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं शाखा द्वारा सोमानी कॉलेज में

दन्त चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. हिमांशु गोरावत की सेवाओं से 61 विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाईयाँ वितरित की गई। इस आयोजन में चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामा किशन भूतड़ा, शाखा अध्यक्ष शैलेश माहेश्वरी, सोहन मेड़तिया, कृष्ण मुरारी लाल माहेश्वरी एवं प्रदीप गट्टानी का सहयोग रहा।

**सांचोर :** भारत विकास परिषद् चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग सहायता केन्द्र पर 38 दिव्यांगों को जयपुर से प्रशिक्षण प्राप्त तकनीशियन द्वारा कृत्रिम अंग प्रदान कर लाभाविन्त किया गया। फिजियोथैरेपी सेन्टर दामड़ी देवी पुखराज बोथरा फिजियोथेरेपी सेंटर के माध्यम से 580 मरीजों का उपचार किया गया। मातुश्री छोगी देवी मिश्रीमल भंसाली प्राथमिक चिकित्सालय प्रकल्प द्वारा 795 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क दवा वितरण की गई।



*सुमेरपुर शिवगंज, राजस्थान पश्चिम : शाखा द्वारा नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन।*

**सुमेरपुर शिवगंज :** शाखा एवं अग्रवाल समाज छावनी के तत्वावधान में सत्यनारायण अग्रवाल परिवार छावनी के सहयोग से 14वां नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 489 नेत्र रोगियों की जांच की गई तथा 121 रोगी मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका ग्लोबल अस्पताल नेत्र संस्थान आबूरोड में लेंस प्रत्यारोपण, मोतियाबिन्द ऑपरेशन किये गये।

**विसनगर, गुजरात उत्तर :** शाखा द्वारा नूतन जनरल हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन के निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नूतन जनरल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. विशाखाबेन, डॉ. निशांत भाई, डॉ. सुनिताबेन एवं स्टाफ द्वारा 100 से ज्यादा मरीजों की जांच की गई जिसमें 70 मरीज को मोतियाबिन्द से ग्रसित पाये गये जिनका ऑपरेशन नूतन जनरल हॉस्पिटल में फेको मशीन द्वारा निःशुल्क किया गया। शिविर के सफल आयोजन में अध्यक्ष डॉ. निखिल भाई ठक्कर, सचिव राकेश भाई गुप्ता, नूतन जनरल हॉस्पिटल के स्टाफ एवं नूतन केलवनी मंडल के अध्यक्ष प्रकाशभाई पटेल, डॉ. जयेशभाई शुक्ला, डॉ. प्रीतिबेन ठक्कर सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।



*विसनगर, गुजरात उत्तर : शाखा द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन।*

**संभाजीनगर, देवगिरी :** शाखा द्वारा महिला एवं बाल कल्याण के तहत विद्यादीप बालिका गृह संभाजीनगर में 100 बालिकाओं और 10 कर्मचारियों का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। जांच उपरान्त जिन बालिकाओं का हीमोग्लोबिन कम पाई गई, उन्हें आयरन की गोली देकर खाद्य सामग्री के लिए मार्गदर्शन किया गया। शिविर में जांच हेतु शाखा सदस्य डॉ. मंजूषा कुलकर्णी और उनकी टीम दत्ताजी भाले ब्लड बैंक के कर्मचारियों का सहयोग मिला। साथ ही शाखा अध्यक्ष मंगल चौव्हान, सचिव रश्मि कडेठाणकर, सदस्य ज्योति पातकी एवं उमा कुलकर्णी उपस्थित रहे। ■

**Badarpur, Assam** : Branch celebrated 166th Birth Anniversary of Bir Tikendrajit. President, Secretary and members of branch garlanded and paid floral tribute to the statue of Bir Tikendrajit ji situated at Badarpurghat. On this occasion, baby food packet was handed over to the parents of 2 new born babies. A large number of local people also participated in the celebration.

**कोलकाता, पश्चिम बंगाल** : प्रान्त की ओर से स्थानीय हलवासिया इन्क्लेव, कोलकाता में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती एवं मकर संक्रान्ति उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। महिला सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रान्तीय अध्यक्ष राजीव कुमार बिलोटिया ने स्वागत वक्तव्य रखा और कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। 'आज के बदलते परिवेश में स्वामी जी के आदर्शों के महत्व' पर सदस्यों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में जगदीश प्रसाद मूंधड़ा ने देशभक्ति का गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रान्तीय संरक्षक घनश्याम सुग्ला, नन्दलाल सिंघानिया, महासचिव कमल कुमार शर्मा व अन्य गणमान्य दायित्वधारी उपस्थित रहे।

**महर्षि अरविन्द, कोशी बिहार** : शाखा एवं शिरोमणि सेवा संस्थान के तत्वावधान में नगर परिषद् क्षेत्र स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भीषण ठंड के मद्देनज़र गरीब, दिव्यांग, विधवा जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े, कंबल, चादर, स्वेटर्स, जैकेट आदि का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम पिछले लगभग 15 वर्षों से शिरोमणि सेवा संस्थान के सहयोग से चल रहा है। संयोजक प्रमोद भगत ने कहा कि शाखा शिरोमणि सेवा भाव से लोगों के बीच कार्यक्रम करते आ रहे हैं।

**मगध बिहार** : प्रान्त स्तरीय भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ चाणक्यपुरी कॉलोनी गया स्थित मदर प्राइड स्कूल के प्रांगण में प्रान्तीय अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद, मुख्य अतिथि डॉ. मुरलीधर अग्रवाल, क्षेत्रीय सचिव अमृतेश कुमार, प्रान्तीय महासचिव मुकेश कुमार, संगठन सचिव देव कुमार शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मुरलीधर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता को सर्वांगीण विकास का माध्यम बताया। अमृतेश कुमार ने प्रतियोगिता के नियमों को विस्तार पूर्वक बताया। प्रतियोगिता में प्रान्त की नवादा, बिहार शरीफ, गया की 12 टीमों ने भाग लिया जिसमें वरिष्ठ वर्ग में आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल बिहार शरीफ ने प्रथम एवं दयाल पब्लिक स्कूल नवादा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं कनिष्ठ वर्ग में भारतीय आवासीय विद्या मंदिर नवादा की टीम प्रथम एवं मदर प्राइड स्कूल गया की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रान्तीय अध्यक्ष ने अपने भाषण में उपस्थित प्रतिभागियों से भारत को अधिक से अधिक जानने तथा समझने का एक सशक्त माध्यम बताया। निर्णायक मंडल में विंग कमांडर विनोद प्रसाद, मुकेश कुमार झा, महेश प्रसाद ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विंग कमांडर विनोद प्रसाद ने अपने संबोधन में प्रतियोगिता के ज्ञान, उत्साह एवं सहभागिता की प्रशंसा की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, वित्त सचिव सुमन कुमार सहित सदस्यगण उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मैडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**गायत्री महिला गया** : शाखा ने मदर प्राइड स्कूल प्रांगण में वीर योद्धा, समर्थ गुरु, सच्चे बादशाह गुरु गोविन्द सिंह जी की जयन्ती का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष शान्ति सिंह ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि अखंड भारत एवं हिन्दू धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु साहिब ने अपने चार किशोर बच्चों के साथ जो आहुति दी, राष्ट्र भूल रहा है। नई पीढ़ियों को उनके विषय में कोई जानकारी नहीं है। वीर सपूतों को भूलना राष्ट्रीय एवं मानवीय असंवेदनशीलता को दिखाता है। इस अवसर पर सुमन कुमार, डॉ. आशा सिन्हा और डॉ. सुषमा तिवारी ने गुरु गोविन्द सिंह जी के कार्य, कर्तव्य, बलिदान, खालसा पथ का निर्माण और मातृभूति पर मिटनेवाले जाबांजों के निर्वाण पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस भव्य आयोजन में डॉ. रवीन्द्र कुमार, अमृतेश कुमार, डी.के. शर्मा, उमेश सिंह, नरेन्द्र कुमार एवं शाखा सदस्यों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

**Chandrasekharpur Bhubaneswar, Odisha East**: Branch provided grocery items worth Rs 5000/- and Rs 5010/- to the inmates of Sri Maa Anand Ashram, Damana and Adruta Children Home, Kantabada respectively. Branch served breakfast to 130 inmates of ACH. 'Mahila Saha Bhagita' programme was also held wherein lady members competed in 6 items viz., Jhoti (Alpana), Mehendi, Hulahuli (Illulation), Dhaga Dhamali, Shankha Vadan and Music chair.

**डलहौजी, हिमाचल प्रदेश पश्चिम** : प्रान्त के अतिथ्य में रीजन उत्तर-1 का रीजन स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता बनीखेत (डलहौजी) में आयाजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि आर.के.अग्रवाल (कार्यपालक निदेशक एन.एच.पी.सी.) व विशिष्ट अतिथि एन.एस. भंडारी (चेयरमैन जी.एन.पी.एस. डलहौजी) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह संधू ने की। राकेश सचदेवा (राष्ट्रीय चेयरमैन भारत को जानो) केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष देवराज शर्मा, महासचिव सुशील शर्मा, वित्त सचिव निपुण महाजन का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में रीजन के सभी प्रान्तों की टीमों ने कनिष्ठ व

वरिष्ठ वर्ग में भाग लिया जिसमें वरिष्ठ वर्ग में पंजाब दक्षिण की टीम ने प्रथम, पंजाब पश्चिम की टीम द्वितीय व चण्डीगढ़ प्रान्त की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कनिष्ठ वर्ग में पंजाब दक्षिण की टीम प्रथम, पंजाब पश्चिम की टीम द्वितीय तथा पंजाब उत्तर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन राकेश सचदेवा, डॉ. राजेश पुरी, संदीप वाट्स, सुमनकांत विज व ज्योत्सना शर्मा ने किया। गोपाल शर्मा, नवनीत शर्मा, मनोज रतन व कुसुम बठला ने स्कोरिंग आदि की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभाई।

**North-2, Chandigarh**: Branch distributed Uniforms, Sweaters,



North-2, Chandigarh: Uniforms, sweaters, shoes and socks were distributed to the students by the branch.

Shoes, Socks to 23 students of 9th 10th classes in GMHS-22C School. At the end of programme, Ladoos were distributed among the students. Branch also organized Debate/poems on the Balidan Divas of Guru Teg Bahadur Singh ji in GMHS-22C, School. 11 students of 5th to 10th classes participated therein. All these students expressed in detail on the life & sacrifices of Guru Teg Bahadur Singh ji. Total 25 students attended the function. On this occasion, Parveen Mehta-Headmaster, Vijander Kumar, Smt. Anju Sharma, Patwant Kaur, S.C. Aggarwal, Vinay Goyal, Sudesh Gupta, Kamal & Smt.Paramjit Grewal members of branch graced the function.11 students were distributed Certificates with pen and refreshment to all the 25 students.

**विवेकानन्द जीरकपुर, पंजाब पूर्व** : शाखा द्वारा स्टेलर इंटरनेशनल स्कूल बनूड में बाल संस्कार शिविर के कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पतंजलि योग संस्थान में योग गुरु संजय रैना द्वारा सूक्ष्म योग करवाया गया। उनके द्वारा योग के महत्व पर गहराई से प्रकाश डाला गया। प्रीति चौहान द्वारा परिवार एवं देश के प्रति कर्तव्य पर सरल भाषा में व्याख्यान दिया गया जिसमें 350 स्कूल के बच्चों, 20 स्कूल स्टाफ और 22 अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित बसमा गाँव के सरपंच तरसेम सिंह ने परिषद् स्तर पर आयोजित किए जा रहे इस शिविर की भूरि-भूरि सराहना की और आग्रह किया कि इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएं। दूसरे दिन थिएटर ग्रुप लालरू द्वारा नाटक ''मिल गई आजादी'' की प्रस्तुति की गई। नाटक का थीम, निर्देशन एवं कलाकारों का अभिनय को सभी ने बहुत सराहा। बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। स्कूल के 352 विद्यार्थी 22 अध्यापक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रान्त के योग व मेडिकल कैंप के संयोजक बृज महाजन, शाखा अध्यक्ष संजीव सेठी, उपाध्यक्ष विनोद मलिक, अनिता मलिक व अन्य उपस्थित रहे।

**हरियाणा उत्तर** : लाडवा शाखा के आतिथ्य में प्रान्तीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रान्त की लगभग 650 से अधिक प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में लाडवा शाखा की सदस्यों ने एक माह पूर्व तैयारियाँ प्रारंभ कर दी थी। सम्मेलन में भारत की महान मातृशक्ति से संबंधित प्रेरणादायी क्लिपिंग बड़ी स्क्रीन पर प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई गई। प्रान्तीय मीडिया प्रभारी अरविन्द कौशिक एवं सह मीडिया प्रभारी नरिन्दर राणा ने इन्हें बहुत परिश्रम से तैयार किया। विभिन्न शाखाओं की महिला शक्ति द्वारा गिद्दा, हरियाणवी नृत्य, लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रथम प्रस्थान के लिए पंचकुला शाखा, सर्वप्रथम आगमन यमुनानगर शाखा, सर्वाधिक सदस्य भागीदारी हेतु इस्माइलाबाद शाखा तथा सभागार में उपस्थित तीन पीढ़ियाँ कुल 7 परिवारों को मोती की माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेल्फी पॉइंट, रंगोली, प्रदर्शनी व शाखाओं द्वारा की गई सिलाई केन्द्र में निर्मित वस्त्रों व अन्य सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम अध्यक्ष अविनाश शर्मा, मुख्य अतिथि बनतो कटारिया, विशिष्ट अतिथि नीता खेड़ा, पूजा अग्रवाल, ममता कंसल के प्रेरणा उद्बोधन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति को नई प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. परमजीत पाहवा, प्रान्तीय महासचिव धीरज भाटिया, प्रो.




*हरियाणा उत्तर : प्रान्तीय महिला सम्मेलन का आयोजन।*

अमरनाथ शर्मा, डॉ. सतीश कम्बोज, प्रान्तीय महिला संयोजिका सुनीता मंगल, सहसंयोजिका डॉ. अंजलि भारती व कर्मठ दायित्वधारियों तथा महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा।

**विवेक अम्बाला छावनी** : शाखा द्वारा स्कूल ने प्रथम, एसडी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय एवं एंड मैरी पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं वरिष्ठ वर्ग में डी.ए.वी. रिवरसाइड पब्लिक स्कूल ने प्रथम, एसडी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल ने द्वितीय एवं नंदलाल गीता विद्या स्कूल ने




*विवेक अम्बाला छावनी, हरियाणा उत्तर : शाखा द्वारा गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन।*

स्थानीय डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्री गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के 16 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर गुरु तेग बहादुर जी की जीवनी, उनकी यात्राओं व उनकी शिक्षाओं का वर्तमान काल पर प्रभाव आदि विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रतियोगिता में डी.सी. माडल सी.सै.स्कूल के हर्षनूर सिंह ने प्रथम, एस.डी. सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के विक्रम सिंह ने द्वितीय तथा भारतीय पब्लिक स्कूल की सिमरन जीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिये गये व सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में मीना नवीन तथा स. दर्शन सिंह ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शीतल शर्मा, प्राचार्या डी.ए.वी. जूनियर विंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शाखा द्वारा फरुखा खालसा स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें नगर के 15 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में एसडी विद्या तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**गोविन्द अम्बाला छावनी** : शाखा के सौजन्य एवं अध्यक्ष जय कुमार की अध्यक्षता में संस्कार प्रकल्प के अन्तर्गत प्रकल्प प्रभारी रिम्पी बंसल एवं महिला सहभागिता प्रमुख रजनी दत्ता के नेतृत्व में डॉ. एस.पी. शर्मा एवं पूर्व एसोसिएट प्रो. एस.डी. कॉलेज अम्बाला छावनी द्वारा संचालित माँ की पाठशाला न्यू टैगोर गार्डेन, नजदीक टांगरी नदी बांध में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दोनों वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही दुर्गा देवी पब्लिक स्कूल में भी विद्यार्थियों के मध्य पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। शाखा के वरिष्ठ सदस्य डॉ. पवन राणा ने सभी विद्यार्थियों को खाद्य सामग्री वितरित किये। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित शाखा के पूर्व अध्यक्ष डी.पी.गुलाटी, आयकर विभाग के पूर्व अतिरिक्त आयुक्त एम.के. जुल्का, मनोहर सैन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष बजरंग लाल एवं कार्यकारिणी के सदस्य व पाठशाला की सभी अध्यापिकाएँ एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**कुरुक्षेत्र** : शाखा सचिव सुशील सूद ने बताया कि सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत हर वर्ष की भाँति भयंकर पड़ रही सर्दी में जी.टी. रोड शाहाबाद की ओर मन्नत हवेली के पास स्थित भट्ठे में काम कर रहे मजदूरों में स्वेटर, टोपियाँ व गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजन टीम में पवन गुप्ता उपाध्यक्ष, डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि इस सर्दी में ईंट भट्ठे पर काम कर रहे मजदूर परिवारों को राहत पहुँचाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से रमेश गुलाटी प्रान्तीय संयोजक, अश्विनी अरोड़ा, संगठन सचिव, दिनेश सिंघल कोषाध्यक्ष, सुभाष बंसल पूर्व प्रचार सचिव, जे.पी. केसरी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

**वेस्ट पटेल नगर, दिल्ली मध्य** : शाखा सदस्यों द्वारा भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का स्वागत वधवा कॉलेज पर किया गया एवं सदस्यों द्वारा भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र (बलराम) और बहन सुभद्रा को पुष्पांजलि अर्पण की गई। इस अवसर पर शाखा द्वारा रथ यात्रा में शामिल भक्तों के लिए फल, बिस्कुट तथा जल की व्यवस्था की गई। शाखा के मुख्य परामर्शदाता गिरीश खट्टर, अनिल कुमार पुरी, शाखा अध्यक्ष अरुण कुमार त्यागी, सचिव सरिता, मोना खन्ना कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य एवं शाखा सदस्यों सहित 35 लोग उपस्थित रहे। शाखा सदस्यों द्वारा गर्म एवं ठंडे कपड़े इक्ट्ठा करके जरूरतमंद लोगों में बांटने हेतु आशा भवन संस्थान को दिए गए।

**दिल्ली दक्षिण** : भारत विकास परिषद् दिल्ली दक्षिण प्रान्त द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए पाँच नवीन शाखाओं - **साकेत शाखा, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी शाखा,**




## दिल्ली दक्षिण : प्रान्त द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए पाँच नवीन शाखाओं का गठन

**केशव शाखा अमृतपुरी, विवेकानन्द कालकाजी शाखा एवं श्री निवासपुरी शाखा** का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय निगम पार्षद राजपाल सिंह एवं प्रसिद्ध समाज सेवी व उद्योगपति नरेन्द्र मित्तल रहे। अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष विनीत गर्ग द्वारा की गई। मुख्य अतिथि सुरेश जैन ने अपने उद्बोधन में जरूरतमंद वर्ग की सेवा व मुख्य रूप से उनमें आत्मविश्वास, आत्म सम्मान एवं आत्म निर्भर जैसे भाव जागृत करने की बात कही। उन्होंने अपने वक्तव्य में महिलाओं के लिए श्रेष्ठ वातावरण प्रदान करने की बात पर बल दिया। परिषद् महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है एवं मुख्य रूप से उनके स्वास्थ्य को लेकर सम्पूर्ण भारत में परिषद् द्वारा एनीमिया मुक्त भारत का अभियान चलाया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष विनीत गर्ग ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में परिषद् के पाँच सूत्र सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण पर विस्तार से अपनी बात कही व प्रान्त को नया कीर्तिमान स्थापित करने की बधाई दी। क्षेत्रीय निगम पार्षद राजपाल ने अपने जीवन संघर्ष के माध्यम से उपस्थित लोगों में समाज के प्रति अपनी समर्पित भावना को दर्शाया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा **साकेत शाखा** का अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, सचिव तरुनिका जैन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष इशा गुप्ता, **केशव शाखा अमृतपुरी** का अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सचिव भगवत पचौरी, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, संगठन सचिव संदीप गेरा, **श्री निवासपुरी शाखा** का अध्यक्ष राम चावला, सचिव पूनम पहूजा, कोषाध्यक्ष अशोक वधवा, **न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी शाखा** का अध्यक्ष हेमवीर भाटी, सचिव दिनेश चौधरी, कोषाध्यक्ष कृष्ण चंपारन एवं **विवेकानन्द कालकाजी शाखा** का अध्यक्ष संजय कुमार, सचिव चन्द्रभान, कोषाध्यक्ष प्रह्लाद चौहान को पद की शपथ दिलवाई गई। संगठन विस्तार का ये प्रमुख कार्य क्षेत्रीय संयुक्त सचिव उत्तर-2 राकेश शर्मा, क्षेत्रीय निगम पार्षद राजपाल व ईस्ट ऑफ कैलाश के पदाधिकारियों के अथक प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में प्रान्तीय महासचिव डॉ. नयना आचार्य, वित्त सचिव मनमोहन केजरीवाल, उपाध्यक्ष सेवा सोहन लाल गाड़ी, संगठन सचिव हिमांशु, प्रान्त की शाखाओं से विंग कमांडर जे.एस.चड्डा, पवन शर्मा मुकेश गोयल, अनिया, डॉ. गौरव कुमार आदि उपस्थित रहे।

**डिबाई, पश्चिमी उत्तर प्रदेश** : प्रान्त द्वारा आह्वान किया गया कि सभी शाखाएँ अपनी शाखा के 60 वर्ष से अधिक के सक्रिय सदस्यों का सम्मान करें। इसी क्रम में शाखा ने 11 वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान समारोह गोमती धाम रेलवे रोड के सभागार में आयोजित किया। समारोह का शुभारंभ वरिष्ठ सदस्य नौरंगी लाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने कहा

कि वरिष्ठजन अनुभवों का खजाना होते हैं और आगामी पीढ़ी को चाहिए कि वह उनके अनुभवों को दैनिक जीवन में अंगीकृत कर अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाएं। जिस समाज में बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता है वह समाज निश्चित ही गर्तगामी होता है। समारोह में उपस्थित सम्मानित होने वाले सभी वरिष्ठजनों ने अपने अनुभवों की संक्षिप्त जानकारी से युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन भगवती प्रसाद, राजपूत प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज धरमपुर ने किया और आतिथ्य का दायित्व शाखा सचिव सोमवीर द्वारा निभाया गया। अंग्रेजी नव वर्ष की संध्या पर काव्य संध्या का आयोजन जनता इंटर कॉलेज धरमपुर के प्रधानाचार्य भगवती प्रसाद राजपूत के पेंठ चौराहे स्थित आवास पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिबाई के चिकित्सा प्रभारी डॉ. हेमंत गिरी ने ज्ञानदीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर संयोजक भगवती प्रसाद राजपूत, कुबेर इंटर कॉलेज के प्रवक्ता मनोज पालीवाल, देवेत्रय आदर्श इंटर कॉलेज कर्णवास के प्रवक्ता विजय कुमार राय, डिबाई नगर के जाने माने व्यंगकार वेद जैसवाल राज आदि ने अपने अपने काव्य प्रस्तुत किये।

**मुरादनगर** : नगर क्षेत्र में शाखा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महिला संयोजिका ऊषा चौधरी के नेतृत्व में सभी वरिष्ठजनों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, हमें इन्हीं से मिले संस्कारों की छात्रछाया में आगे बढ़ना है। डॉ. राजपाल तोमर अध्यक्ष ने कहा कि बुजुर्गों से ही हमारी जिन्दगी में रौनक और विकास है, हमें उनका सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंह सिरोही सचिव, देवेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष, आर.एन. महेश संरक्षक, वीरेन्द्र गुप्ता, प्रान्तीय संयोजिका दिव्यांग सहायता एवं पुनर्वास डॉ. फहीम सैफी, डॉ. केशव त्यागी, चमन सिंह, सुभाष, भूपेन्द्र सिंह, ज्ञानी अमरजीत सिंह, गुरशन सिंह सभा सचिव, सतीश सपरा आदि उपस्थित रहे।

**क्लेमेंट टाउन देहरादून, उत्तराखण्ड पश्चिम** : शाखा द्वारा गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस के उपलक्ष में सेवा परमोः धर्मः के मार्ग पर चलते हुए दयानन्द वैदिक गुरुकुल करहल में गौशाला के लिए 102 लोहे के टीन शेड दिये गये। साथ ही 21 क्विंटल भूसा भेजा गया। इस कार्य में शाखा के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा और जी.के. खंडूजा द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया। ट्रक को वी.के. माहेश्वरी पूर्व रजिस्ट्रार जनरल उत्तराखण्ड हाईकोर्ट नैनीताल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अंजना माहेश्वरी, सचिव डी.के. शर्मा, प्रकाश चन्द्र सुधा, अनिल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

**अविरल गंगा रुड़की** : संस्कृति सप्ताह के अन्तर्गत सावित्री सक्सेना स्कूल में संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। सदस्यों द्वारा प्रत्येक दिन अलग अलग बच्चों को संस्कार के अन्तर्गत शिक्षा दी। वैदिक गणित, आत्मरक्षा के गुर, जूडो कराटे के बेसिक स्टेप्स, योग भारत के महान अन्वेषक ऋषियों की जानकारी, देशभक्ति और देश प्रेम आदि विषयों पर बच्चों को जानकारी दी गई। पिता का घर कभी जर्जर नहीं होता, आत्मनिर्भर कैसे बने जैसे टॉपिक पर बच्चों ने अपने विचार व्यक्त किये। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सप्ताह भर भाग लिया। अच्छे प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट्स और पारितोषिक प्रदान किये गये।

**सम्राट मुजफ्फरनगर, हस्तिनापुर** : शाखा द्वारा श्री कृष्ण गौशाला पचैण्डा रोड पर गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रान्तीय मार्गदर्शक रामकुमार तायल का सानिध्य प्राप्त हुआ। शाखा संस्थापक परमकीर्तिशरण अग्रवाल व अध्यक्ष रोहिताश कर्नवाल ने मुख्य अतिथि का पटका पहनाकर स्वागत किया। सभी सदस्यों ने गाय माता को हरा चारा व गुड़ खिलाकर धर्म लाभ प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने शाखा द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए साधुवाद दिया। स्थाई प्रकल्प के अन्तर्गत प्रकाश चौक पर मुख्य अतिथि डॉ. लोकेश चंद गुप्ता (अध्यक्ष क्षय रोग विभाग) एवं परमकीर्ति शरण अग्रवाल के सानिध्य में जनपद मुजफ्फरनगर में मनोज जी के एलजी शो रूप पर क्षय रोग से पीड़ित गोद लिए बच्चों को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जैसा भव्य शो रूम है वैसा ही इनका दिल भी है। जब इस प्रकार के सामाजिक लोग इससे जुड़ेंगे तभी प्रधान मंत्री जी का 2025 तक क्षय मुक्त भारत का सपना साकार होगा। मैं मनोज जी व भारत विकास परिषद् सम्राट शाखा का बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूँ। अध्यक्ष रोहिताश कर्नवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। शाखा सदस्यों द्वारा मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर सिंघल जनरल स्टोर के कर्मचारियों को कंबल वितरित किये गये। इसके बाद रूड़की रोड स्थित मलिन बस्ती में कंबल वितरित किये गये। मुख्य अतिथि अंकुर दुआ ने इस पुनीत कार्य के लिए शाखा को बधाई दी। संस्थापक परमकीर्तिशरण अग्रवाल व अध्यक्ष रोहिताश कर्णवाल ने कहा कि शाखा ऐसे समाज सेवा के कार्य निरन्तर कर रही है और आगे भी इसी प्रकार करती रहेगी।

**योग मेरठ** : शाखा द्वारा आई.एम.ए.हॉल निकट बच्चा पार्क पर बुजुर्गों का सम्मान (बरगद की छांव) समारोह का आयोजन बडे उल्लास से किया गया। इस अवसर पर शाखा द्वारा 75 वर्ष से अधिक आयु के 8

बुजुर्गो एवं महिला बुजुर्गो का शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। केशव मित्तल तथा श्रेया गुप्ता को प्रतिभा सम्मान (प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र) देकर सम्मानित किया गया। शाखा की महिला सदस्यों ने (स्वर्ग में एक सीट खाली है) बहुत ही सुन्दर नाटिका प्रस्तुत की गई। इस आयोजन में राष्ट्रीय मंत्री नरेश चन्द गोयल, प्रान्तीय अध्यक्ष आलोक भटनागर, वित्त सचिव अशोक गुप्ता, सचिव सम्पर्क सुभाष चन्द गुप्ता, अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल, सचिव मांगेराम गुप्ता एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

**चन्दौसी, रुहेलखण्ड पश्चिम** : शाखा के आतिथ्य में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कम्बल वितरण समारोह का आयोजन अनुष्क सेलिब्रेशन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण के रूप में उपजिलाधिकारी राजपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी, सत्येन्द्र पवार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चंदौसी रहे। समारोह में गरीब महिलाओं व पुरुषों को कंबल बांटे गये तथा सभी ने अपने अमूल्य विचारों से अवगत करवाया व मानवाधिकार के बारे में विमर्श कर अपने विचार प्रस्तुत किये। मंच का संचालन सचिव डॉ. दुर्गा टंडन द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष एस.एन.शर्मा, महिला संयोजिका लता वार्ष्णेय मीडिया प्रभारी अभिषेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। शाखा द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न शहरों से आए हुए कवियों ने प्रतिभाग किया।

**रामपुर** : शाखा की पारिवारिक बैठक ग्राम रठौंडा तहसील मिलक स्थित गुरुकुल विद्यालय में आयोजित किया गया। सभी सदस्यों ने रठौंडा शिव मंदिर जाकर भगवान शिव की प्रार्थना कर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात गुरुकुल में छात्रों एवं आचार्यों के साथ यज्ञ किया। अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने सभी का परिचय कराते हुए विद्यालय के संबंध में विस्तार से बताया। पुष्पा गुप्ता द्वारा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। सही उत्तर देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। शाखा द्वारा वहाँ उपस्थित छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को गर्म कपड़े, मोजे, स्वेटर एवं टोपियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संरक्षक माधव गुप्ता, प्रान्तीय महासचिव डॉ. गौरव वार्ष्णेय, प्रान्तीय अध्यक्ष जगन्नाथ चावला आदि ने विचार प्रस्तुत किये।

**बिलासपुर** : शाखा ने गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन को गति प्रदान करते हुए संरक्षक राजीव अग्रवाल एवं अध्यक्ष विनय अग्रवाल के नेतृत्व में नैनीताल रोड नगर स्थित सर्व संस्कृति स्कूल में गुरुजनों एवं छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया। शाखा की महिला संयोजिक करुणा अग्रवाल ने कहा कि गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं गुरुजनों के आपसी व्यवहार को सौहार्दयपूर्ण बनाकर एक दूसरे के प्रति समर्पण व आदर का भाव स्थापित करना है। अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय प्रबधन एवं प्रधानाचार्या ममता बिष्ट का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुरेश परुथी, पंकज अग्रवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

**मुरादाबाद** : शाखा द्वारा जे.आर.स्कूल अमरोहा गेट में गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन का आयोजन किया गया जिसमें 24 मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन एवं 4 श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर परिषद् परिवार से योगेश कोटिवाल, मनीष अग्रवाल, शिखा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। शाखा की ओर से नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में एक पूल बैठक आयोजित किया गया। आयोजन में विभिन्न मनोरंजक गेम, ज्ञानवर्धक गेम के साथ-साथ संदेश परक गतिविधियाँ की गई। महिला पुरुष एक्टीव प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग विजेता रहा। वहीं ब्लाइंड एक्टिविटी में महिलाओं की टीम विजेता रही। कार्यक्रम में ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट से सम्मानित शाल्वी सिंहा, ध्रुव वर्मा, हेमांशी वर्मा एवं अंशु कुमार सहाय ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। शाखा द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साईं ताइक्वांडो अकेडमी में इन सभी जोड़ों को प्रशिक्षण देने वाले श्री शावेज अली को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रीजनल मंत्री हरि गोपाल शर्मा, प्रान्त संगठन मंत्री संजीव आकांक्षी, अध्यक्ष नीरज मित्तल, सचिव अशोक गुप्ता, मनीष अग्रवाल सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

**संस्कृति मुरादाबाद** : शाखा के आतिथ्य में सीता रसोई ट्रस्ट व मिलन विहार विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में मिलन विहार दिल्ली रोड पर धर्मशाला में लिहाफ वितरण का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम गत 8 वर्षो से लगातार संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रान्त की ओर से डॉ. एस.पी. सिंह और शाखा के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक व साहित्यिक बरेली, रुहेलखण्ड पूर्वी** : शाखा की ओर से शील चौराहे राजेन्द्र नगर में वस्त्र वितरण शिविर लगाया गया जिसमें सर्दी गर्मी के महिला, पुरुष व बच्चों के लगभग 1500 कपड़े जूते, बैग्स, बेल्ट्स, महिला पर्स, धूप के चश्मे आदि अनेक सामग्री निर्धन परिवार, मजदूर आदि जरूरतमंद लोगों को वितरिण किया गया। शिविर में मुख्य भूमिका मीनाक्षी चंद्रा, संदीप अग्रवाल, आनन्द गौतम, विष्णु दयाल, पवन अग्रवाल, उपमेंद्र सक्सेना व

अन्य गणमान्य ने निभाई।

**सुन्दरम अलीगढ़, ब्रज उत्तर** : शाखा द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष 5 दिसम्बर 2022 को एक जरूरतमंद लड़की की शादी में सहयोग किया गया। शाखा की सभी बहनों के सराहनीय सहयोग से लड़की को 11 साड़ियाँ, 2 सूट, 2 कम्बल, 1 रजाई, 2 चादरें, 2 शाल, पर्स, पुडिंग सेट, केतली, ठंडे पानी का जग, कप सेट व अन्य जरूरी बर्तन एवं एक अलमारी दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूनम पाली ने कहा कि शाखा की परम्परा रही है कि हर वर्ष कम से कम एक कन्या के विवाह में सहयोग जरूर किया किया जाए और यह कोशिश आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर सचिव शुभा कौशिक, डॉ. अलका गर्ग आदि उपस्थित रहीं।

**शिवम् अलीगढ़** : एक जरूरतमंद परिवार जिसमें पति की मृत्यु के पश्चात घर-घर जाकर काम करती (माँ) ने अपनी बेटी के विवाह हेतु शाखा से सम्पर्क कर सहयोग मांगा जिसमें शाखा सदस्यों ने बेटी के विवाह में लॉकर वाली अलमारी, बक्सा, गृहस्थ जीवन में आने वाले उपयोगी सामान बर्तन, कपड़े, कम्बल आदि के साथ 50 व्यक्तियों घराती बराती की खाने की व्यवस्था की गई।

**अलीगढ़** : शाखा अध्यक्ष ख्याली राम वार्ष्णेय की अध्यक्षता में हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज अलीगढ़ में बड़े हर्षोल्लास के साथ परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन 'अनेकता में एकता, विविध प्रान्तों की विशेषता' की थीम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रीजनल संरक्षक जे.पी.गुप्ता, वरिष्ठ प्रान्तीय मार्गदर्शिका रत्ना गुप्ता, शाखा सचिव डॉ. मीरा वार्ष्णेय, प्रदीप शर्मा व नेहा वार्ष्णेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। रीजनल संरक्षक जी.पी.गुप्ता, वरिष्ठ प्रान्तीय मार्गदर्शक डॉ. मनमोहन गोयल, वरिष्ठ प्रान्तीय मार्गदर्शिका रत्ना गुप्ता प्रान्तीय मार्गदर्शक कैलाश चन्द्र वार्ष्णेय को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मीरा वार्ष्णेय व धन्यवाद एवं आभार कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने किया।



*सुन्दरम अलीगढ़, ब्रज उत्तर : शाखा द्वारा निर्धन कन्या के विवाह हेतु आवश्यक सामग्री भेंट किया गया।*

**अवध प्रदेश** : प्रान्त द्वारा तृतीय सामूहिक सरल विवाह उत्सव सरस्वती विद्या मंदिर, ए-ब्लॉक इन्द्रानगर में आयोजित किया गया। जिसमें सौ. लक्ष्मी संग चि.कौशल कुमार, इन्द्रानगर शाखा, सौ. काजल संग चि. सुनील कुमार, लोकमान्य शाखा, सौ. कावेरी संग चि. विशाल कुमार, महिला चौक शाखा, सौ. टीना संग चि. बृजमोहन, निरालानगर शाखा, सौ. सरला संग चि. आकाश, पूर्वी लखनऊ एवं सौ. सीमा संग चि. नरेन्द्र सिंह, विवेकानन्द शाखा के छः जोड़ों का विवाह सरल तरीके से वेद मंत्रोचारण एवं वरमाला के माध्यम से सम्पन्न हुआ। विवाह उपरान्त परिषद् द्वारा नव दम्पतियों को आवश्यक गृहस्थी के उपयोगी सामग्री उपहार स्वरूप भेंट कया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शिक्षाविद् विकास त्रिवेदी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रान्त खण्डेलवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश जैन, क्षेत्रीय वित्त सचिव पवन अग्रवाल, प्रान्तीय अध्यक्ष कृष्ण जीवन रस्तोगी, प्रान्तीय वित्त सचिव प्रकाश, प्रान्तीय महासचिव देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में परिषद् परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

**मानसरोवर लखनऊ** : शाखा द्वारा माडर्न पब्लिक स्कूल, निकट भारतीय स्टेट बैंक एल.डी.ए. कॉलोनी, पराग चौराहा, लखनऊ के 40 विद्यार्थियों एवं श्री ओ.पी. श्रीवास्तव मेमोरियल, स्कूल एसएस/6, श्रम विहार नगर मवइयाँ, ऐश बाग, लखनऊ के 60 विद्यार्थियों को ठंड से बचाव के लिए ऊनी स्वेटर वितरित किये गये। इन विद्यालयों में शाखा अध्यक्ष, सचिव, महिला संयोजिका सहित छवि सेठ, प्रवीण कुमार सेठ, माधुरी




*अवध प्रदेश : प्रान्त द्वारा छः जोड़ो का सामूहिक सरल विवाह सम्पन्न।*

तिवारी, रंजना मिश्रा आदि सदस्य उपस्थित रहे। स्वतंत्र गर्ल्स इंटर कॉलेज स्नेह नगर में विद्यार्थियों के लिए 'व्यक्तित्व विकास' शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 विद्यार्थियों सहित शिक्षकों/शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर एस. पी.तिवारी सचिव, अशोक कुमार गुप्ता एवं अरुण श्रीवास्तव (गायत्री परिवार) ने व्यक्तित्व क्या है और इसका विकास कैसे किया जाए विषय पर संक्षिप्त परन्तु सारगर्भित उद्‌बोधन दिया। डॉ. प्रतीक्षा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की सराहना की। महामना पं. मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी बाजपेई की जयन्ती पर निर्वान रिहैबिलेशन सेंटर लखनऊ तकरोही रोड, सेक्टर 11 के पीछे इंदिरा नगर लखनऊ के 70 दिव्यांग बच्चों को दवाईयाँ, खाने का सामान-बिस्कुट, नमकीन, कपड़े व फल सदस्यों के सौजन्य से वितरित किये गये। स्थानीय लोक बंधु अस्पताल में 350 से अधिक मरीजों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के डायरेक्टर सी.एम.एस. रविकान्त निगम, उनके पुत्र, शाखा के दायित्वधारी तथा रंजना मिश्रा व सुधा शर्मा उपस्थित रहे। वृद्धाश्रम सरोजनी नगर लखनऊ में रह रहे 100 से अधिक वृद्धजनों को सांयकालीन चाय नाश्ता कराया गया।

**रायबरेली** : शाखा एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्व. डॉ. हरीश चन्द्र गुप्ता एवं स्व. डॉ. टी. एन.पुरी की स्मृति में वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पपिन्दर सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.सी. द्विवेदी ने पुष्पांजलि करके वस्त्र वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया। वरिष्ठ कल्याण समिति के अध्यक्ष नवल किशोर बाजपेई, सचिव गिरीश चन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष पी. पी.शर्मा तथा शाखा सचिव राजाराम मौर्या कोषाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद बाजपेई ने पूर्ण सहयोग किया। राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन प्रकाशन डॉ. आर.बी.श्रीवास्तव एवं डॉ. चंपा श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अशोक कुमार मिश्रा, राकेश कुमार मिश्रा, अजय बाजपेई आदि का सहयोग वस्त्र एकत्रित करने से लेकर वितरण तक रहा।

**महिला चौक लखनऊ** : शाखा द्वारा आमसभा व पिकनिक का आयोजन कुड़िया घाट चौक में किया गया। आम सभा के अन्तर्गत आगामी सेवा कार्यो के लिए विचार विमर्श किया गया और कार्यो को समयानुसार पूर्व करने की रूपरेखा तय की गई। मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा के साथ ही पारिवारिक मिलन कार्यक्रम के अन्तर्गत हाउजी, कार्ड शो आदि गेम्स के साथ विभिन्न व्यंजनों के चटपटे स्वाद का आनन्द भी उठाया गया। शाखा ने बख्शी का तालाब, देवरई कला गाँव में स्थित गुरुकुल में अध्ययनरत 38 बच्चों को स्वेटर एवं बिस्कुट वितरित किये। उक्त कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष कुमारी कंचन अग्रवाल, सचिव ज्योति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष साधना रस्तोगी, उपसचिव रक्षा गर्ग, प्रान्तीय संस्कृति सप्ताह संयोजिका तुलसी गौड़ एवं महिला संयोजिका रुचि जैन सहित 68 सदस्यों ने अत्यंत उल्लास के साथ सहभागिता की। शाखा द्वारा गुल्लाला घाट (शमशान स्थल) में 3 बेंचों का निर्माण कराया गया। इस अवसर पर प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय दायित्वधारी उपस्थित रहे। शीतलहर की ठिठुरन से जरूरतमंद लोगों को राहत दिलाने हेतु कनक बिहारी बाजार चौक के सामने अलाव जलाने का कार्यक्रम किया गया।

**मणिकर्णिका झाँसी, बुन्देलखण्ड** : शाखा द्वारा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, दतिया द्वार के बाहर महिलाओं एवं बच्चों के प्रति अपराधों के विषय में महत्वपूर्ण कानून की जानकारी देने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या कल्पना सिंह ने की एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष डॉ. स्वपनिल मोदी, के संयोजन में विशिष्ट अतिथि महिला थानाध्यक्ष नीलेश कुमारी ने छात्राओं को महिला एवं बच्चों के प्रति अपराधों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने साइबर क्राइम/कानून के अधिनियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित रहने के तरीके बताए तथा सभी को WCSO.in लिंक डाउनलोड कराया। उन्होंने किस परेशानी पर किस हैल्प लाइन नंबर को उपयोग में लाना चाहिए इसकी जानकारी दी तथा छात्राओं की जिज्ञासाओं को भी शांत किया। कार्यशाला को सफल बनाने में प्रदीप श्रीवास्तव, किरण लाल, अंजू खत्री सहित अन्य गणमान्य सदस्यों




*झाँसी प्रमुख, बुन्देलखण्ड : शाखा द्वारा 5 विद्यालयों के निर्धन छात्रों में ऊनी वस्त्र का वितरण।*

का सराहनीय सहयोग रहा।

**प्रमुख झाँसी** : परिषद् के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रान्त खण्डेलवाल की अपील के अनुपालन में शाखा द्वारा 5 विद्यालयों के अति निर्धन छात्रों को शीत से बचाव हेतु 263 ऊनी स्वेटर वितरित किये गये। इसी क्रम में सरस्वती संस्कार केन्द्र झांसी के अति निर्धन परिवारों के 90 बच्चों को जूते, मोजे व खिलौने भी वितरित किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता व सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

**झाँसी मुख्य** : शाखा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में प्रताप पुरा स्थित आदिवासी बस्ती में मजदूर वर्ग के परिवारों को गर्म कपड़े एवं कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदस्यों द्वारा मजदूर वर्ग के परिवारों को गर्म कपड़े एवं कंबल वितरित किये गये। कार्यक्रम संयोजक अरविन्द मोदी के द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से गर्म कपड़ों एवं कंबलों को मजदूर परिवारों को क्रमबद्ध तरीके से वितरण कराया गया। वितरण कार्यक्रम में आलोक अग्रवाल, चतुर्वेदी, मनीष अग्रवाल वेद इंटिरियर्स, अभय अग्रवाल, सुनील कुमार झा सहित अन्य गणमान्य सदस्यों का सहयोग रहा।

**तुलसी इटावा, ब्रह्मावर्त** : शाखा के आतिथ्य में प्रान्तीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 200 महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप मे इटावा सदर विधायक सरिता भदौरिया ने समाज में महिलाओं की भूमिका पर अपना उद्‌बोधन दिया। विशिष्ट अतिथि छिबरामऊ कन्नौज की विधायक अर्चना पाण्डेय ने महिलाओं के सशक्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसे पूर्व शाखा अध्यक्ष अंजू चौधरी एवं प्रान्तीय अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी ने सभी आये अतिथियों का स्वागत किया। संचालन प्रान्तीय महासचिव विमलेश शंकर अवस्थी ने किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस आयोजन में शाखा सचिव नीलम चौधरी, कोषाध्यक्ष मंजू सिंह, पंकज सिंह चौहान, प्रान्तीय मीडिया सह प्रभारी अवधेश सविता, प्रान्तीय संगठन मंत्री नागेन्द्र चतुर्वेदी, प्रान्तीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश, क्षेत्रीय सचिव महिला एवं बाल विकास रूपम तिवारी, क्षेत्रीय सचिव विवेक कुलश्रेष्ठ आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

**उन्नाव** : शाखा द्वारा राजकीय बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज मोतीनगर में गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय दायित्वधारी सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रान्तीय महासचिव विमलेश शंकर अवस्थी, प्रान्तीय संगठन सचिव एन.के.चतुर्वेदी, किरण भारती, अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद जायसवाल, संरक्षक सुभाष चोपड़ा द्वारा किया गया। शाखा अध्यक्ष ने सबका परिचय देकर स्वागत किया। मंचासीन अतिथियों सहित हेमा पंत, किरन भारती, डॉ. प्रभात सिन्हा ने संबोधित करके छात्र-छात्राओं, प्रिंसिपल और शिक्षकों को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रधानाचार्यो को अंगवस्त्र, गीता, प्रमाण पत्र एवं माला देकर सम्मानित किया गया।

**इटावा मुख्य** : शाखा की महिला सदस्यों ने स्थानीय हनुमान मंदिर पर साधुओं के मध्य चाय व बिस्कुट वितरण का आयोजन किया गया जिसमें इन्दु कुलश्रेष्ठ शाखा उपाध्यक्ष, इन्द्र नरायण शुक्ल डॉ. इन्दु बाला, रीना राठौड़ महिला संयोजिका, शीला दीक्षित, प्रतिभा मिश्रा, अर्चना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस आयोजन में संजय मिश्रा, के.के. त्रिपाठी, ओम नरायण, पुलकित कुलश्रेष्ठ, आशाराम मिश्रा, लाल जी दुबे, राजीव लोचन दीक्षित, संजय राजौरिया का विशेष सहयोग रहा।

**महामना वाराणसी, काशी प्रदेश** : शाखा द्वारा मालवीय इंटर कॉलेज बच्छांव वाराणसी में महासमूह गान का आयोजन किया गया। शाखा द्वारा जुलाई 2022 में विद्यालय से सम्पर्क कर उनसे परिषद् द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय चेतना के स्वर पुस्तक से ‘देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें’ गीत को नियमित प्रार्थना में जोड़ने का अनुरोध किया जिसे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चन्द्रमणि सिंह ने सहर्ष स्वीकार करते हुए अंगीकार किया। शाखा अध्यक्ष केवीएल श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी जनों का स्वागत किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि नई सुबह संस्था के निदेशक प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ. अजय तिवारी रहे। प्रान्तीय महासचिव रवि प्रकाश जायसवाल ने परिषद् का परिचय व उसके प्रकल्पों के साथ संस्कार प्रकल्प से सभागार को अवगत कराया व महासमूह गान के आयोजन हेतु शाखा को शुभकामनाएँ ज्ञापित की। तत्पश्चात विद्यालय के 3500 छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ सुर, लय के साथ महासमूह गान का आयोजन ‘देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखे’ गीत का गायन किया। अंत में बच्चों व उपस्थित जन समुदाय ने गुरुजनों व बड़ो का सम्मान करने व नशा न करने का संकल्प लिया।

**श्रद्धा वाराणसी** : शाखा द्वारा स्थानीय होटल नयमः इंटरनेशन सिद्धागिरी बाग सिगरा पर एक बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रान्तीय महिला संयोजिका रंजना केशरी ने सम्पर्क, सेवा और संस्कार के कार्यो के साथ कार्यकारिणी की बैठक, आय व्यय की पुष्टि, सभी सदस्यों द्वारा एक सदस्य बनाना, बाल संस्कार के कार्यक्रम आयोजित करना, शाखा का बैंक अकाउण्ट है या नहीं, शाखा का गठन किस वर्ष हुआ व कितने सदस्यों के साथ हुआ, साथ ही कितने संस्थापक सदस्य शाखा में है, बहुत सारी महत्वपूर्ण बाते उन्होंने दायित्वधारियों के साथ साझा की। शाखा द्वारा गोद लिए प्राथमिक कन्या पाठशाला पिशाच मोचन पर बच्चों के द्वारा महापुरुषों की बनाई गई फोटो प्रदर्शनी व

उनके के जीवन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। बच्चों के मध्य महापुरुषों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शाखा सदस्यों द्वारा माँ विंध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन एवं विंडम फॉल पर पूल पिकनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**भिण्ड, मध्य भारत उत्तर** : शाखा द्वारा शहर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने हरिवंश राय बच्चन जी की इन पंक्तियों 'जब नाव जल में छोड़ दी, तूफान में ही मोड़ दी, दे दी चुनौती सिंधु को, फिर धार क्या मँझधार क्या' से प्रोत्साहन करते हुए समझाया कि छात्र जीवन चुनौतियों को स्वीकार करने का जीवन है और जो इन चुनौतियों को स्वीकार कर उन पर जो सफल हो पाता है वही छात्र स्वयं के साथ अपने गुरु का नाम स्वर्णिम अक्षरों में चिरस्मरणीय बना देता है जिसके उदाहरण स्वरूप उन्होंने रामकृष्ण परमहंस व उनके शिष्य स्वामी विवेकानन्द, आचार्य चाणक्य के शिष्य चन्द्रगुप्त मौर्य, गुरु आचरेकर के शिष्य सचिन तेन्दुलकर आदि ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन व गुरु की शिक्षा से अपने साथ अपने गुरुओं का नाम भी रोशन किया, ऐसे ही आप सभी प्रयास करें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि अच्छी आदतें अपनानी चाहिए। बुजुर्गों का सम्मान करना सीख लेना चाहिए। शाखा संरक्षक डॉ. विनोद सक्सेना ने उपस्थित सभी बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुए बताया कि हम सभी को विशेषकर विद्यार्थी जीवन में समय से सोना जागना, अच्छा आहार लेना अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम में बॉक्सिंग खेल में उत्कृष्ट 27 विद्यार्थियों, 9 छात्राओं सहित 9 शिक्षकों का अभिनन्दन व वन्दन किया गया। इसी श्रृंखला में शहर से 5 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय हाई स्कूल रछेडी में भी गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि शहर की महिला डीएसपी पूनम थापा ने कहा कि हर किसी के जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। मनुष्य को गुरु का महत्व समझना चाहिए और जीवन पर्यन्त उनका सम्मान करना चाहिए। उनके आशीर्वाद के बेगर मनुष्य अधूरा है। गुरु के प्रति हमेशा शिष्य के मन में श्रद्धा होनी चाहिए, तभी शिष्य अपने कार्य के बारीकियों को भलीभाँति सीख सकते हैं, साथ ही उन्होंने बच्चियों को गुड टच बैड टच के बारे में बताते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर लिखवाया। शाखा संरक्षक डॉ. विनोद सक्सेना ने सभी को स्वस्थ रहने के महत्वपूर्ण टिप्स बताये।




*भिण्ड, मध्य भारत उत्तर : शाखा द्वारा गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन का आयोजन।*

**संस्कृति ग्वालियर** : शाखा ने पारिवारिक मेल मिलाप पिकनिक का आयोजन धूमेश्वर महादेव मंदिर, जो भितरवार से 12 किलोमीटी दूर सिन्धू नदी के किनारे किया गया। इस पिकनिक यात्रा को राष्ट्रीय पदाधिकारी अजय बंसल द्वार हरी झंडी दिखाई गई एवं शुभकामना तानसेन शाखा के वरिष्ठ सदस्य सिंधी द्वारा दी गई।

**भरतपुर, राजस्थान पूर्व** : शाखा अध्यक्ष राम अवतार कोठारी ने बताया कि परिषद् परिवार का वन भ्रमण कार्यक्रम भगवान कृष्ण कन्हैया की क्रीड़ा स्थली काम्यवन कामां के लिए किया गया। सभी सदस्यों द्वारा भोजन थाली मंदिर के दर्शन किए गए। मंदिर के पुजारी ने भोजन थाली मंदिर के बारे में विस्तार से बताया। मैरीज गार्डन में संगीत तथा हास्य रस के राष्ट्रीय कवि भगवान मकरंद द्वारा हवेली संगीत में ठाकुर जी को रिझाने हेतु पद गाये, हास्य रस की कविताएँ सुनाई, परिषद् परिवार के सुरेश कुमार सुनार तथा राजेन्द्र डंडौतिया द्वारा काव्य पठन किया गया।।

**मालवीय नगर जयपुर, राजस्थान उत्तर पूर्व** : शाखा द्वारा आयोजित संस्कृति सप्ताह के दूसरे दिन आदर्श विद्या मंदिर मालवीय नगर में एकल नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। एकल नृत्य के निर्णायक मंडल में सम्मिलित निर्णायकों द्वारा कार्यक्रम के नियम सभी बच्चों को बताए गए। उसके बाद शाखा अध्यक्ष ताराचंद सहारण ने सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में 22 छात्राओं द्वारा अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मुरारी लाल शर्मा एवं सीमा भनोट उपस्थित रहे। विजेता

प्रतिभागियों को पारितोषिक भेंट किया गया। सचिव गिरिराज किशोर गुप्ता ने बताया कि जिन छात्राओं द्वारा इस प्रतियोगिता में भागीदारी निभाई गई है उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में अध्यनरत छात्र/छात्राओं के मध्य चित्रकला एवं मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष ने संस्कृति सप्ताह के बारे में सभी बच्चों को बताया। चित्रकला में प्रतियोगिता में 50 तथा मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में 20 बच्चों की सहभागिता रही। विद्यालय में सर्दी से बचाव के लिए समर्थ संस्थान जयपुर की ओर से 45 जरूरतमंद भाई बहनों को स्वेटर वितरण किया गया।

**भवानीमंडी, राजस्थान दक्षिण पूर्व** : शाखा द्वारा अपने सामाजिक सरोकार के तहत सर्दी में ग्रामीण विद्यार्थियों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से गुराडिया भर्ता के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किये गये। शाखा सचिव ओम गुप्ता एवं नेत्रदान प्रभारी कमलेश दलाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी कमलकुमार मीणा एवं विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश चतुर्वेदी, धरमचंद गोटावाला, विद्यालय प्रधानाचार्य बाल मुकुन्द तथा अध्यक्ष मनोज अग्रवाल मंचासीन रहे। कार्यक्रम में 45 जरूरतमंद बच्चों को एवं वेद विद्यालय के 13 बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरित किए गए। विद्यालय विकास हेतु स्व. संतोष चौधरी की स्मृति में चौधरी परिवार द्वारा रुपये 11000/- एवं धर्मचंद गोटावाला, ओम प्रकाश चतुर्वेदी, नवीन जायसवाल, प्रधानाचार्य बालमुकुन्द पाटीदार आदि द्वारा 11-11 हजार रुपये कुल 55,000/- की आर्थिक सहयोग की घोषणा की गई।

**पिण्डवाड़ा, राजस्थान पश्चिम** : शाखा द्वारा रा.प्रा.वि. पावटाफली (रामपुरा) के छात्र-छात्राओं को ऊनी वस्त्र वितरित किये गये। शाखा सचिव विजय प्रकाश गौतम ने बताया कि प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 500 स्वेटर आवश्यकता वाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को वितरित करने का लक्ष्य रखा गया था जिसके क्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 1 से 5 तक के 69 विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र वितरित किये गये। शाखा अध्यक्ष एवं वोलकेम इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक जगदीश प्रसाद तिवारी द्वारा स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा परिषद् के सेवा प्रकल्प प्रभारी गोविन्द सिंह चौधरी द्वारा विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन में नियमित शिक्षा गहण करने हेतु प्रेरित किया गया। इस आयोजन में विजयराज सोनी, भेराराम कुम्हार, नरेन्द्र कुमावत, अमरसिंह गुर्जर एवं विद्यालय के सुरज्ञान चौधरी व अन्य का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय 4 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों-कालुम्बरी (वरली) के 123, दपला सिलवा (वालोरिया) के 52, सात सांगरा (वालोरिया) के 62 एवं वएडाफली (वालोरिया) के 60 कुल 297 विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र (स्वेटर) वितरण किये गये। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष एवं वोलकेम इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक जगदीश प्रसाद तिवारी द्वारा स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा परिषद् के सेवा प्रकल्प प्रभारी गोविन्द सिंह चौधरी द्वारा विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन में नियमित शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया गया। डॉ. दिनेश पुरोहित द्वारा सभी को मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु उपाय बताये गये। उपला सिलवा विद्यालय के कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला प्रमुख केसरमल गमेती द्वारा इस नेक कार्य हेतु परिषद् की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

**ब्यावर, राजस्थान मध्य** : आजादी के अमृत महोत्सव और विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विवेकानन्द केन्द्र के राजस्थान प्रान्त द्वारा आयोजित विवेकानन्द संदेश यात्रा के ब्यावर आगम पर भव्य शोभायात्रा का भारत विकास परिषद् सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर 75 फुट लम्बे तिरंगे को पकड़े परिषद् सदस्यगण की आकर्षक झाँकी सम्मिलित रही।

**संभाजीनगर, देवगिरी** : शाखा द्वारा महिला एवं बाल कल्याण के अन्तर्गत बाल कल्याण शिविर समाज प्रबोधन संस्था द्वारा संचालित जागृति हाईस्कूल बंसीलाल नगर में आयोजित किया गया जिसमें 60 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। शिविर का स्वरूप प्रार्थना, भक्ति गीत, भगवत गीता का पन्द्रहवाँ अध्याय था। कंस ना बनके कृष्ण कैसे बने जैसी सांस्कृतिक कहानियों के माध्यम से छात्रों को शिक्षित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को कलम और मूंगफली दी गई। शिविर में शाखा अध्यक्ष मंगल चव्हान, महिला समन्वयक शैलजा धोकटे, कोषाध्यक्ष मोहिनी कुबेरकर, वरिष्ठ मार्गदर्शक विद्याा पाटिल, सदस्य भारती विश्वास प्रशाला प्रधानाध्यापिका अलका खेड़े संस्था सदस्य ज्योति खिस्ती, विद्या कुबेर, श्रद्धा दैवत लाल उपस्थित रहे।

**Kerala** : Dr Kishore Muralidharan, Pranth President of Keral reported that Prant installed Bronze Statue of Swami Vivekananda at Ernakulam. On this occasion a function organized in association with Paramabhattara Kendriya Vidhyalaya. ■

# हिन्दी ही भारत को विश्व गुरु बनाने में सक्षम

हिन्दी को हम अपने संविधान में राष्ट्रभाषा का सम्मान न दे सके हों फिर भी हिन्दी हिन्दुस्तान की एकता, अखण्डता के साथ-साथ उसका स्वाभिमान एवं आत्मा के रूप में बसी है। हिन्दुस्तान विश्व गुरु बनने की अपनी मंजिल की ओर अग्रसर है। जिसमें हिन्दी का योगदान एवं उपयोगी महत्व अपना विशेष स्थान रखता है, क्योंकि हिन्दी भाषा विश्व में सबसे अधिक बोलने वाली भाषा में तृतीय स्थान पर स्थापित होकर हिन्दुस्तान का गौरव उज्ज्वल कर रही है। हिन्दी ही भारत को विश्व गुरु बनाने में सक्षम है। विगत 8 वर्षों में हिन्दुस्तान के वैश्विक एवं विदेश नीति के प्रभाव के फलस्वरूप विदेशियों के राजनीतियों सहित आम नागरिक, विद्यार्थी एवं शोधकर्ता भी हिन्दी को सीखने-बोलने एवं समझने में अपनी-अपनी उत्सुकता एवं रूचि प्रदर्शित कर रहे हैं, क्योंकि हिन्दी भाषा संस्कार एवं शिक्षित करने के साथ-साथ विश्व की सम्पर्क भाषा बन चुकी है। विदेशों में भी हिन्दी अनुवादकों की बहुत अधिक मांग स्वीकार की जा रही है।

विश्व स्तर पर हिन्दी के विकास, शक्तिशाली भाषा के साथ अन्तर्राष्ट्रीय भाषा प्रचारित एवं प्रसारित करने के उद्देश्य से 10 जनवरी 1975 में महाराष्ट्र के नागपुर में पहले 'विश्व हिन्दी सम्मेलन' का आयोजन किया, जिसमें लगभग 30 देशों के लगभग 125 प्रतिनिधियों ने भाग लेकर हिन्दी को सबल और प्रबल बनाने का प्रयास प्रारंभ किया, जिस कारण विश्व में हिन्दी के समर्थकों की संख्या में निरन्तर वृद्धि एवं जागरूकता के फलस्वरूप 10 जनवरी 2006 को विश्व का प्रथम 'विश्व हिन्दी दिवस' भारत में नार्वे के भारतीय दूतावास में मनाया गया तथा इस दिवस को 10 जनवरी 'विश्व हिन्दी दिवस' घोषित किया।

विगत 47 वर्षों में हिन्दी ने विश्व स्तर पर अपनी सरलता, सुगमता एवं सुबोध ज्ञान के कारण विश्व में अपनी पहचान बनाकर विदेशियों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हुई तथा हिन्दी ने अपने आपको अपनी उपयोगिता बल पर स्थापित किया और 'विश्व हिन्दी दिवस' पर विशेषकर विश्व के सभी भारतीय दूतावासों में हिन्दी का कार्यक्रम होता है और वहाँ की सरकारें इस कार्यक्रम में प्रमुखता से भाग लेती है।

फिजी, दक्षिण प्रशांत महासागर के मेलोनेशिया का वह द्वीप है जिस देश की अधिकारिता भाषा हिन्दी होने का गर्व है और हम प्रफुल्लित भी हैं सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद, फिजी जैसे राष्ट्र हिन्दी भाषियों द्वारा ही बसाये गये हैं। जब विश्व के सर्वाधिक प्रबलशाली एवं विटो का अधिकार प्राप्त अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, जापान देशों के अतिरिक्त इंग्लैण्ड, जर्मनी, पाकिस्तान, म्यांमार, अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान सहित लगभग 30 देशों में हिन्दी बोलने एवं समझने वालों की संख्या करोड़ों से भी अधिक है। तभी तो हम संयुक्त राष्ट्र परिषद् में हिन्दी को अधिकारिक भाषा स्वीकार करवाने में सफलता की ओर अग्रसर है इसमें अनेक राष्ट्र हिन्दी को स्वीकार करने में हमारा समर्थन कर रहे हैं। तभी तो यूनेस्कों में हिन्दी का उपयोग हो रहा है, संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में भारत का एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) है जिसके फलस्वरूप अभी सोशल मीडिया न्यूजलेटर में हिन्दी का उपयोग किया जा रहा है।

अभी भी आंकड़े हिन्दी प्रेमियों के लिए सुखद है कि हिन्दी सहित भारतीय भाषाओं के लगभग ''बच्चा'', ''सूर्य नमस्कार'', ''अच्छा'', ''बड़ा दिन'' जैसे 70 शब्दों को आक्सफोर्ड निर्देशिका में सहर्ष शामिल किया गया है तथा विश्व आर्थिक मंच की गणना के अनुसार हिन्दी विश्व की सर्वाधिक दस शक्तिशाली भाषाओं में सम्मिलित हो चुकी है। इसी कारण विदेशी अतिथि हिन्दुस्तान आगमन पर हिन्दी बोलने का प्रयास कर अपने आपको गौरवान्वित होने का आभास महसूस करते हैं। शायद इसलिए हिन्दी भाषा के प्रतिष्ठित राष्ट्रों के राज्यों में 200 से अधिक विश्व विद्यालयों में हिन्दी विभाग खेलकर हिन्दी भाषा का ज्ञान दिया जाता है। आइए हम भी हिन्दी को समर्थन देने के लिए हिन्दी में हस्ताक्षर करें।

**''हिन्दी में भी बोले, हिन्दी में भी लिखें,**
**हिन्दी में करे हस्ताक्षर, अच्छा लगता है''**

**डॉ. सुबोध गर्ग, मेरठ (उ.प्र.)**

# नेत्रदान-देहदान



**रोहतक, हरियाणा मध्य** : प्रान्तीय संयोजक अशोक कुमार गुप्ता के सहयोग से सेक्टर निवासी जय देवी (धर्मपत्नी स्व. सुन्दरदास निर्मल) के मरणोपरान्त उनके पुत्र राजिन्दर कुमार निर्मल, नरेन्द्र निर्मल, सुधीर निर्मल एवं परिवार द्वारा नेत्रदान करवाया गया। नेत्रदान की प्रक्रिया पीजीआई की टीम के चिकित्सक डॉ. अंशु खत्री एवं स्टाफ द्वारा पूरी की गई।



**रोहतक** : प्रान्तीय संयोजक अशोक कुमार गुप्ता के सहयोग से बाबरा मोहल्ला निवासी कौशल देवी जैन (पत्नी स्व. लाल मन जैन) के मरणोपरान्त उनके पुत्र नरेश जैन, जितेन्द्र जैन एवं परिवार की सहमति से पीजीआई के डॉ. नेहा, डॉ. प्रियंका एवं स्टाफ द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई।



**भवानीमंडी, राजस्थान दक्षिण पूर्व** : शाखा के नेत्रदान प्रकल्प के अन्तर्गत श्रीपुरा चौकी कोटा निवासी सरस्वती बाई की मृत्यु पश्चात उनके संबंधी प्रतापराय बुधवानी, बहन सरस्वती बाई की पुत्रवधु अंजू डुडेजा द्वारा नेत्रदान कराया गया। शाइन इंडिया फाउण्डेशन के डॉ. कुलवंत गौड़ एवं आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान के टेकनीशियन टिंकू ओझा द्वारा नेत्र उत्तसरण किया गया।



**भवानीमंडी** : नेत्रदान प्रभारी कमलेश दलाल ने बताया कि उज्जैन निवासी नवदीप सिंह अपनी बहन कमलप्रीत कौर से मिलने भवानीमंडी आए हुए थे। यहीं पर अचानक उनका हृदयाघात से निधन हो गया। जिसपर उनकी बहिन कमलप्रीत कौर ने परिजनों की सहमति से शाइन इंडिया फाउण्डेशन के डॉ. कुलवंत गौड द्वारा कोर्निया प्राप्त किया गया।



**भवानीमंडी** : भवानीमंडी को आज देश में नेत्रदान के रूप में एक नई पहचान मिली है। इसी कड़ी में अजय कड़ावत के निधन पर उनके परिवार के सदस्यों की सहमति से कोटा की शाइन इंडिया फाउण्डेशन व डॉ. कुलवन्त गौड़ द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई।



**भवानीमंडी** : नेत्रदान के माध्यम से मृत्यु के बाद भी दुनिया को देखा जा सकता है और दो लोगों के जीवन को रौशन किया जा सकता है। इसी के तहत स्थानीय निवासी नवलकेशोर काग्या की मृत्यु के पश्चात परिवार द्वारा स्वयं पहल करके नेत्रदान करवाया गया। शाइन इंडिया फाउण्डेशन के डॉ. कुलवंत गौड़ ने कोर्निया प्राप्त किया गया।



**शामगढ़, मध्य भारत पश्चिम**: पोरवाल समाज मेलखेड़ा एवं धनोतिया परिवार के रामनिवास धनोतिया (बम्बई वाले सेठजी) के मरणोपरान्त उनके सुपुत्र गोविन्दराम धनोतिया एवं परिवार की सहमति से नेत्र प्रभारी डॉ. अमित धनोतिया एवं सहायक ओमेश गहलोत द्वारा नेत्र उत्सर्जन किया गया।



**शामगढ़** : शाखा अध्यक्ष महेश मांदलिया, शिशुरोग विशेषज्ञ मंदसौर, डॉ. आशीष मांदलिया एवं इंजीनियर कृष्णकान्त मांदलिया इन्दौर के पूज्य पिता एवं समाजसेवी डॉ. रामगोपाल मांदलिया के मरणोपरान्त नेत्रदान करवाया गया। नेत्रदान की प्रक्रिया नेत्र चिकित्सा प्रभारी डॉ. अमित धनोतिया नेत्र सहायक ओमेश गहलोत द्वारा किया गया।



**रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व** : आदरणीय वेद प्रकाश ग्रोवर के देहावसान के पश्चात परिवार द्वारा उनकी इच्छानुसार नेत्रदान का निर्णय लिया गया। नेत्रदान की प्रक्रिया सी.एल.गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न करवाया गया।



**रुद्रपुर** : नगर के प्रमुख समाजसेवी स. दीवान सिंह ग्रोवर के आकस्मिक निधन के बाद उनके सुपुत्र स. सुरेन्द्र सिंह ग्रोवर ने पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग से सम्पर्क करके नेत्रदान सम्पन्न कराया।



**रुद्रपुर** : नगर के युवा व्यापारी समरवीर सिंह सीटू एवं इंदरजीत सिंह गोगी (मुम्बई) निवासी सी-23, एलायंस कॉलोनी, के पूज्य पिता प्रताप सिंह चुग सेवा निवृत प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा का निधन के बाद परिवार की सहमति से सी.एल. गुप्ता चैरीटेबल ट्रस्ट चिकित्सालय की टीम द्वारा नेत्रदान सम्पन्न कराया गया।



**रुद्रपुर** : नगर के वरिष्ठ समाजसेवी हरबंस लाल अरोरा की धर्मपत्नी फूला अरोरा के मरणोपरान्त दिवंगत की अंतिम इच्छानुसार उनके परिवार द्वारा नेत्रदान करवाया गया। नेत्रदान की प्रक्रिया सी.एल.गुप्ता आई बैंक की टीम द्वारा किया गया। ●

# विकास रत्न



"डॉ. मृदुला पालीवाल - डॉ. उमेश पालीवाल
कानपुर (उ. प्र.) से विकास रत्न बनें।"



"श्रीमती संगीता रानी - अमृत पाल
लाडवा (हरियाणा) से विकास रत्न बनें।"



"श्रीमती शीला दीपक गुंदेचा, श्री दीपक उत्तमचंद गुंदेचा
पुणे (महाराष्ट्र) से विकास रत्न बनें।"



"श्रीमती ऊषा गुप्ता -- डॉ. लक्ष्मी नारायण गुप्ता
पंचकुला (हरियाणा) से विकास रत्न बनें।"

"श्रीमती सुमन मूधड़ाँ -- श्री रवि शंकर मूधड़ाँ
बूँदी (राजस्थान) से विकास रत्न बनें।"



RNI No. 19789/70 No. DL-(N)-112/2021-2023 Licensed to post without pre payment No. U (DN)-91/2023 Date of Publication 22.02.2023
Date of Posting 27&28 February, 2023 from Ashok Vihar H.O.Delhi




Published & Printed by Shyam Sharma for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034
Editor : Dr. S.C. Gupta Printed at: AMAR UJALA LIMITED, C-21-22, Sector-59, Noida-201301 (U.P.)